

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। मंगलवार 01 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 101 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3



## पूरे देश में हर्षोल्लास के मनाया गया ईद का त्योहार, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

नई दिल्ली। देश भर में ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईद का चांद दिखने के बाद से ही लोगों में हर्षोल्लास का माहौल था। बता दें कि शव्वाल महीने के पहले दिन ईद-उल-फितर मनाया जाता है। इसे मीठी ईद भी कहते हैं। ईद के मौके पर देश भर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने देशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी है। सीएम योगी ने कहा कि ईद का त्योहार हमें त्याग, प्रेम और सेवा की भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. दरक्षां अंद्राबी ने घोषणा की है कि निर्माण कार्य के चलते इस साल श्रीनगर के ऐतिहासिक ईदगाह में ईद की नमाज नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हजरतबल दरगाह और जम्मू-कश्मीर के अन्य दरगाहों, मस्जिदों में सामूहिक नमाज के लिए व्यवस्था की गई है। महाराष्ट्र और बंगाल में ईद पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

वहीं ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने मुस्लिमों से अनुरोध किया है कि ईदगाह के इमाम और मस्जिद के इमाम से अपील है कि ईद की नमाज का खुसूसियत के साथ एहतमाम करें। मौलाना ने हदीस का हवाला देते हुए कहा कि पैगंबर इस्लाम ने फरमाया कि अच्छा मुसलमान वह है, जिसके हाथ पैर जुबान से किसी को तकलीफ ना पहुंचे, इसलिए सड़कों पर नमाज ना पढ़ी जाए।

**ईद की नमाज का महत्व :** जानकारों की मानें तो रमजान महीने के दौरान बंदा अल्लाह पाक के बेहद करीब रहता है। इस दौरान बंदे की तकरीब अल्लाह से होती है। अल्लाह के करीब रहने और उनकी रहमत पाने के लिए रमजान के दौरान पांचों वक्त की नमाज अदा की जाती है। वहीं, ईद के मौके पर नमाज अदा कर खुदा से इबादत की जाती है। ऐसा करने से बंदे को खुदा का शबाब मिलता है।

ईद के मौके पर नमाज अदा करने के बाद इमाम लोगों को उपदेश देते हैं। इस समय इमाम लोगों को रोजे रखने के फायदे और रमजान महीने का धार्मिक महत्व बताते हैं।

# अमन-चैन के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्योहार

## इबादत में उठे सैकड़ों हाथ

## कैला भट्टा, शहीद नगर, मसूरी, खोड़ा और मुरादनगर में शांतिपूर्वक पढ़ी गई नमाज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को ईद उल फितर के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अमन चैन के बीच तीनों जोन में ईद का त्योहार संपन्न कराया गया। सुबह की नमाज को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में डीसीपी, एसीपी और थानों के प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में ड्यूटी के लिए मुस्तैद रहे। तो वहीं कई इलाकों में ड्रोन के जरिए भी निगरानी रखने का काम किया गया। वहीं कैल भट्टा से लेकर खोड़ा कॉलोनी, मुरादनगर, मसूरी, खोड़ा, कौशांबी और साहिबाबाद के शहीद नगर पसौंडा इलाके में भी भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज पढ़ी गई है। इस दौरान इबादत के लिए हजारों हाथ उठे और सबने अमन चैन की दुआ मांगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में तीनों ही जोन में किसी भी स्थान पर ईद उल फितर को लेकर किसी प्रकार की अशांति वाली खबर नहीं मिली है। वहीं ईद उल फितर के चलते पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 200 से अधिक क्विक रिएक्शन रिस्पांस टीम भी गठित की गई थी।



ईदगाह कैला भट्टा



डासना



### डीसीपी और एसीपी रहे कैला भट्टा में मौजूद



करंट क्राइम : ईद उल फितर के पर्व को लेकर सुबह से ही पुलिस के अधिकारी फील्ड ड्यूटी पर थे। जिसमें खुद डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने जहां कैला भट्टा इलाके में कमान संभालने का काम किया। तो वहीं एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, घंटाघर थाना प्रभारी अनुराग शर्मा सहित डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी और एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने अपने-अपने क्षेत्र में शांतिपूर्वक नमाज संपन्न कराने का काम किया।

### एक-दूसरे को गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद







करंट क्राइम : ईद के मौके पर नमाज खत्म होने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। तो वहीं कई इलाकों पर कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें स्थानीय लोगों ने भी शिरकत की, तो वहीं कई जगह ईद मिलन कार्यक्रम भी रखे गए थे। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, एमएलसी दिनेश गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा ने भी ईद की बधाई दी।

### ड्रोन से की गई निगरानी, सोशल मीडिया पर भी रही नजरें





करंट क्राइम : ईद उल फितर का त्योहार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शांति और अमन चैन के साथ संपन्न हुआ। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने जहां ड्रोन के जरिए निगरानी रखने के निर्देश दिए थे, तो वहीं सोशल मीडिया पर भी पुलिसकर्मियों को लगाया गया था ताकि किसी प्रकार से कहीं पर भी माहौल न बिगड़ने पाए और पुलिस की गुड वर्किंग का नतीजा रहा कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में ऑल इज वेल वाली रिपोर्ट आई है।

## ट्रैवल्स के लिए उपयोगी साबित हो रहा है हिंडन एयरपोर्ट

# अब तक आठ राज्यों और 12 शहरों के लिए हिंडन एयरपोर्ट से भरी जा रही है उड़ान

### - अप्रैल माह में उत्तर प्रदेश के कई नए शहरों के लिए शुरू होंगी हवाई सेवाएं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद का हिंडन एयरपोर्ट अब धीरे-धीरे ट्रैवल्स करने वाले ट्रैवलर्स के लिए उपयोगी साबित होता जा रहा है। बीते कुछ महीनों के दौरान ही हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद से आठ राज्यों और 12 शहरों के लिए उड़ान मिलनी शुरू हो गई है। जिसका फायदा लगातार लोगों को मिल रहा है, इसमें गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली के आसपास और मेरठ तक के लोगों को इसका लाभ मिलना शुरु हो गया है, यही कारण है कि अब यहां से लगातार अलग-अलग राज्यों और शहरों के लिए हवाई सेवाओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। उधर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया भी यहां नई एयरलाइंस चलाने के लिए लगातार निजी कंपनियों से संपर्क कर उनको आमंत्रित कर रही है। तो दावा किया जा रहा है कि अप्रैल माह में भी उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू होने की जानकारी मिल रही है। बता दें कि बीते कुछ माह के दौरान ही गाजियाबाद से जम्मू कश्मीर के वैष्णो देवी, गोवा और बेंगलुरु की सेवाएं प्रमुखता के साथ शुरू की गई हैं।




### इन राज्यों के लिए हिंडन से मिल रही है फ्लाइट्स

करंट क्राइम : हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद से वर्तमान में आठ राज्यों के अलग-अलग शहरों के लिए उड़ान भरी जाती हैं। तो यात्रियों को आठ राज्यों में जाने का यहां से अवसर भी मिल रहा है। जिसमें पंजाब, राजस्थान, गोवा, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा राज्य शामिल है। बताया जा रहा है कि जल्द ही कई अन्य प्रदेशों को भी गाजियाबाद से जोड़ने की कवायत शुरू की जा रही है।

### सांसद अतुल गर्ग के प्रयास लगातार ला रहे हैं रंग



करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिंडन एयरपोर्ट का उद्घाटन किया गया था, उन्होंने उद्घाटन के वक्त कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हिंडन से हवाई सेवा का लाभ ले सकेगा। उनका यह बयान अब धीरे-धीरे यह सपना साकार कर रहा है। वर्तमान में हिंडन से आठ राज्यों के साथ ही 12 शहरों के लिए उड़ान शुरू हो चुकी है। बता दें की बाइट छह माह के दौरान गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग द्वारा कई महत्वपूर्ण बैठक और लैटर लिखे जाने के बाद हिंडन एयरपोर्ट से लगातार फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाने और कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर दिया था, जिसका नतीजा है कि अब हिंडन से बड़ी संख्या में उड़ाने शुरू हो रही है।

### उत्तर प्रदेश के इन शहरों के लिए जल्द शुरू होगा गाजियाबाद से हवाई सफर

करंट क्राइम : एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया लगातार प्रयास कर रही है कि गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से तमाम शहरों के लिए नई उड़ान शुरू की जाए। जिसका लाभ लोगों को मिल सके। बताया जा रहा है कि अप्रैल के बाद में लखनऊ, बनारस, प्रयागराज, अयोध्या और मुरादाबाद जैसे प्रमुख शहरों के लिए हिंडन एयरपोर्ट से हवाई सेवाएं शुरू होगी। इसके लिए कई कंपनियों से उड़ान भरने और हवाई सेवा चालू होने का काम अंतिम स्तर पर पहुंच गया है।

### साल 2019 में पिथौरागढ़ के लिए शुरू हुई थी पहली उड़ान

करंट क्राइम : हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद से साल 2019 में पिथौरागढ़ के लिए पहली उड़ान शुरू की गई थी। इसके बाद बेंगलुरु, हुबली, भटिंडा, लुधियाना, किशनगढ़, नांदेड़ और आदमपुर के लिए यहां उड़ान चालू हुई थी। इसके बाद यहां से बीते दिनों जम्मू कश्मीर वैष्णो देवी, गोवा और चेन्नई के लिए भी हवाई सेवा शुरू हुई है।

# वर्ल्ड वाटर अवार्ड 2024-25 : महापौर सुनीता दयाल और नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को किया गया सम्मानित

## ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के लिए नगर निगम को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संयुक्त रूप से दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड वाटर अवार्ड 2024-25 अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम को वाटर डाइजेस्ट तथा यूनेस्को द्वारा म्युनिसिपल वाटर रियूज प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार दिया गया है जिसको जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री राज भूषण चौधरी द्वारा महापौर तथा नगर आयुक्त तथा जलकल विभाग की टीम को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम से कामाख्या प्रसाद आनंद अधिशासी अभियंता जल, आश कुमार सहायक अभियंता जल व अन्य टीम उपस्थित रही।

### वर्ल्ड वाटर अवार्ड के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में नगरायुक्त ने साझा की जल संरक्षण जल संचयन की योजना



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के अंतर्गत संचालित किए जा रहे टीएसटीपी प्लांट के अंदर शोधित जल का पुन: उपयोग करते हुए औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है जिसको वाटर डाइजेस्ट तथा संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक विज्ञान और सांस्कृतिक संगठन द्वारा प्रथम पुरस्कार दिया गया है। गाजियाबाद नगर निगम के साथ शहरवासियों के लिए भी यह गर्व का विषय है। कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम



द्वारा जल संचयन तथा जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों को भी साझा किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा नोएडा अथॉरिटी, विदेशी इंडस्ट्रीज तथा जल विभागों ने प्रतिभाग किया।

### नगर निगम ने अपशिष्ट जल उपचार के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया : महापौर



करंट क्राइम। महापौर ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम ने अपशिष्ट जल उपचार के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है, जो नवाचार और पर्यावरणीय सतर्कता का उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस परियोजना का केंद्रबिंदु तृतीयक मलजल उपचार संयंत्र (टीएसटीपी) है, जिसकी क्षमता 40 एमएलडी है और जिसका उपयोग औद्योगिक उद्देश्यों के लिए जल पुनर्चक्रण में किया जाता है। परियोजना को कई अन्य पहलों द्वारा समर्थित किया गया है, जिनमें एसटीपी से उपचारित जल का पुन: उपयोग मियावांकी वृक्षारोपण पहल के लिए किया जाना शामिल है, जो स्वच्छ वायु को बढ़ावा देता है और सतही जल के बहाव को रोकता है। जीएनएन ने हाल ही में 8 तालाबों का पुनरोद्धार एवं उनकी क्षमता का विस्तार किया है। 100 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की है और 400 से अधिक ऊँची आवासीय सोसायटियों में छत वर्षा जल संचयन प्रणाली की सुविधा प्रदान की है। महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित जनों से निगम की जल संबंधित योजनाओं को साझा किया गया। वाटर डाइजेस्ट की डायरेक्टर अनुपमा मदहोक सूद द्वारा महापौर तथा नगर आयुक्त का कार्यक्रम में पधारने हेतु धन्यवाद किया गया।

# जम्मू-कश्मीर की वादियों में पहली बार दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन

**जम्मू-कश्मीर की वादियों में पहली वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत होने जा रही है। नई शुरू होने वाली इस जम्मू-कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को कटरा से हरी झंडी दिखाएंगे और इसके साथ ही 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना भी पूरी हो जाएगी।**

**जम्मू-कश्मीर :** जम्मू-कश्मीर की वादियों में पहली वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत होने जा रही है। नई शुरू होने वाली इस जम्मू-कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को कटरा से हरी झंडी दिखाएंगे और इसके साथ ही 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना भी पूरी हो जाएगी। अधिकारियों ट्रेन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शुरूआत में इसका संचालन कटरा से ही किया जाएगा क्योंकि अभी जम्मू रेलवे स्टेशन पर मरम्मत और नवीनीकरण का काम चल रहा है। एक बार उसके तैयार हो जाने के बाद फिर इसका संचालन जम्मू से किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कटरा

## पीएम नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को दिखाएंगे हरी झंडी





और कश्मीर के बीच ट्रेन सेवा की मंजूरी दे दी थी। इस ट्रेन सेवा के शुरू होने के साथ ही जम्मू और श्रीनगर के बीच में यात्रा का समय भी काफी कम हो जाएगा। इतना ही नहीं वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल सेवा शुरू होने से पर्यटन के क्षेत्र का भी विकास होगा।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पत्रकारों से इस बारे में बात करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी 19 अप्रैल को उधमपुर पहुंचेंगे। वह दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का दौरा करेंगे और उसका उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। पीएम मोदी के हरी झंडी दिखाते ही लंबे समय से कश्मीर के लोगों द्वारा की जा रही सीधी रेल सुविधा की मांग भी पूरी हो जाएगी। वर्तमान में कश्मीर घाटी में केवल संगलदान और बारामूला के बीच और कटरा से देश भर के लिए ट्रेनें संचालित होती हैं।

अधिकारियों ने परियोजना के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कश्मीर को रेल मार्ग से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजना 1997 से ही शुरू हो गई थी लेकिन भूवैज्ञानिक, भौगोलिक और मौसम संबंधी चुनौतियों के कारण इसे पूरा करने में देरी हुई। इस परियोजना में कुल 119 किलोमीटर की 38 सुरंग शामिल हैं जिनमें सबसे लंबी सुरंग टी-49 है जो 12.75 किलोमीटर लंबी है। यह देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग भी है। इस परियोजना में 927 पुल भी शामिल हैं जिनकी कुल लंबाई 13 किलोमीटर है। इनमें प्रतिष्ठित चिनाब पुल भी शामिल है, जिसकी कुल लंबाई 1,315 मीटर है। इसकी मेहराब 467 मीटर है और यह नदी तल से 359 मीटर ऊपर है। एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा होने के कारण यह दुनिया का सबसे ऊंचा मेहराब वाला रेलवे पुल (आर्क ब्रिज) होगा।

# लोकसभा में 2 अप्रैल को पेश होगा वक्फ संशोधन बिल!

**वक्फ संशोधन बिल को मौजूदा बजट सत्र में पेश किया जा सकता है। ये सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार का कहना है कि 2 अप्रैल को इस बिल को संसद में चर्चा के लिए लाया जाएगा।**





**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल को मौजूदा बजट सत्र में पेश किया जा सकता है। ये सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार का कहना है कि 2 अप्रैल को इस बिल को संसद में चर्चा के लिए लाया जाएगा। गृह मंत्री अमित शाह ने 29 मार्च को एक निजी चैनल से बातचीत में इसी सत्र में वक्फ बिल संसद में पेश करने की बात कही थी। शाह ने कहा था कि इस बिल से किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है।

इधर, ईद के दिन मुस्लिम समाज देश में कई जगह नमाज अदा करने के लिए लोग वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टियां बांधकर पहुंचे। रमजान का आखिरी जुमा (जुमातुल विदा) के दिन 28 मार्च को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशभर के मुसलमानों से काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने जाने को कहा था।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने जारी किए गए लेटर में लिखा था- वक्फ संशोधन बिल का पुरजोर विरोध करना देश के हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। बोर्ड सभी मुसलमानों से अपील करता है कि वे जुमातुल विदा की नमाज के लिए मस्जिद जाते समय काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण और मौन विरोध दर्ज कराएं।

संसद ने 1954 में बनाया था वक्फ एक्ट वक्फ में मिलने वाली जमीन या संपत्ति की देखरेख के लिए कानूनी तौर पर एक संस्था बनी, जिसे वक्फ बोर्ड कहते हैं। 1947 में देश का बंटवारा हुआ तो काफी संख्या में मुस्लिम देश छोड़कर पाकिस्तान गए थे। वहीं, पाकिस्तान से काफी सारे हिंदू लोग भारत आए थे। 1954 में संसद ने वक्फ एक्ट 1954 के नाम से कानून बनाया।

इस तरह पाकिस्तान जाने वाले लोगों की जमीनों और संपत्तियों का मालिकाना हक इस कानून के जरिए वक्फ बोर्ड को दे दिया गया। 1955 में यानी कानून लागू होने के एक साल बाद, इस कानून में बदलाव कर हर राज्यों में वक्फ बोर्ड बनाए जाने की बात कही गई।

इस वक्त देश में अलग-अलग प्रदेशों के करीब 32 वक्फ बोर्ड हैं, जो वक्फ की संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन, देखरेख और मैनेजमेंट करते हैं। बिहार समेत कई प्रदेशों में शिया और सुन्नी मुस्लिमों के लिए अलग-अलग वक्फ बोर्ड हैं।

वक्फ बोर्ड का काम वक्फ की कुल आमदनी कितनी है और इसके पैसे से किसका भला किया गया, उसका पूरा लेखा-जोखा रखना होता है। इनके पास किसी जमीन या संपत्ति को लेने और दूसरों के नाम पर ट्रांसफर करने का कानूनी अधिकार है। बोर्ड किसी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी नोटिस भी जारी कर सकता है। किसी ट्रस्ट से ज्यादा पावर वक्फ बोर्ड के पास होती है। वक्फ बोर्ड के पास कितनी संपत्ति है देश के सभी 32 वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में अलग-अलग दावे किए जाते हैं। लेकिन, 2022 में भारत सरकार ने बताया कि देश में 7.8 लाख से ज्यादा वक्फ की अचल संपत्तियां हैं। इनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश वक्फ के पास करीब दो लाख से ज्यादा अचल संपत्तियां हैं।

विराग बताते हैं कि 2009 के बाद वक्फ की संपत्तियों में दोगुने का इजाफा हुआ है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने दिसम्बर 2022 में लोकसभा में जानकारी दी थी जिसके अनुसार वक्फ बोर्ड के पास 8,65,644 अचल संपत्तियां हैं। लगभग 9.4 लाख एकड़


### सरकार इस कानून में इन 5 वजहों से बदलाव करना चाहती हैं

1. वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों की एंट्री : वक्फ बोर्ड में अब दो सदस्य गैर-मुस्लिम होंगे। इतना ही नहीं बोर्ड के सीईओ भी गैर मुस्लिम हो सकते हैं।
2. महिला और अन्य मुस्लिम समुदाय का पार्टिसिपेशन बढ़ाना : कानून बदलकर वक्फ में महिलाओं का पार्टिसिपेशन बढाया़ जाएगा। सेक्शन-9 और 14 में बदलाव करके केन्द्रीय वक्फ परिषद में दो महिलाओं को शामिल करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा नए बिल में बोहरा और आगाखानी मुस्लिमों के लिए अलग से वक्फ बोर्ड बनाए जाने की बात भी कही गई है। बोहरा समुदाय के मुस्लिम आमतौर पर व्यवसाय से जुड़े होते हैं। जबकि आगाखानी इस्माइली मुसलमान होते हैं, जो न तो रोजा रखते हैं और न ही हज जाते हैं।
3. बोर्ड पर सरकार का कंट्रोल बढ़ाना : भारत सरकार कानून बदलकर वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर कंट्रोल बढ़ाएगी। वक्फ बोर्ड के मैनेजमेंट में गैर-मुस्लिम एक्सपर्ट्स को शामिल करने और सरकारी अधिकारियों से वक्फ के ऑडिट कराने से वक्फ के पैसे और संपत्ति का हिसाब-किताब ट्रांसपैरेंट होगा। केंद्र सरकार अब उअक्ष्के जरिए वक्फ की संपत्ति का ऑडिट करा सकेगी।
4. जिला मजिस्ट्रेट के ऑफिस में रजिस्ट्रेशन : कानूनी बदलाव के लिए सरकार ने जस्टिस सच्चर आयोग और के रहमान खान की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त कमेटी की सिफारिशों का हवाला दिया है। इसके मुताबिक राज्य और केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों में दखल नहीं दे सकती हैं, लेकिन कानून में बदलाव के बाद वक्फ बोर्ड को अपनी संपत्ति जिला मजिस्ट्रेट के दफ्तर में रजिस्टर्ड करानी होगी, ताकि संपत्ति के मालिकाना हक की जांच हो सके। नए बिल के पास होने पर इन संपत्तियों और उसके राजस्व की जांच जिला मजिस्ट्रेट कर सकेंगे। सरकार का मानना है कि वक्फ जमीनों को जिला मुख्यालयों के राजस्व विभाग में रजिस्टर्ड कराने और कम्प्यूटर में रिकॉर्ड बनाने से ट्रांसपैरेंसी आएगी।
5. न्याय के लिए अदालत जाने का मौका मिलेगा : मोदी सरकार के नए बिल के मुताबिक वक्फ ट्रिब्यूनल में अब 2 सदस्य होंगे।

# ईद-उल-फितर: दिल्ली की जामा मस्जिद में ईद की नमाज पर की गई अमन-शांति की दुआ







**रमजान के पाक महीने के खत्म होने के साथ ही सोमवार को देशभर में ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया गया। देश की सबसे बड़ी मस्जिद दिल्ली की जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज पढ़ी गई।**



**नई दिल्ली।** देशभर में ईद का त्योहार मनाया गया। इस खास मौके पर देश की सबसे बड़ी मस्जिद दिल्ली की जामा मस्जिद में नमाज अदा की गई। जहां भारी संख्या में लोग पहुंचे। रमजान के पाक महीने के खत्म होने के साथ ही सोमवार को देशभर में ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया गया। देश की सबसे बड़ी मस्जिद दिल्ली की जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज पढ़ी गई।

दिल्ली की जामा मस्जिद के बाद ईद-उल-फितर के मौके पर लोगों ने फतेहपुरी मस्जिद में नमाज अदा की। इस मौके पर यहां भारी संख्या में लोग पहुंचे। वहीं सुरक्षा के पुख्ता इंजाम भी रहे। मस्जिदों के बाहर दिल्ली पुलिस और सुरक्षाबलों के जवान मौजूद रहे।

इस मौके पर जामा मस्जिद पर भारी संख्या में लोग मस्जिद प्रांगण में जमा हुए। इस मौके पर बच्चों में खासा उत्साह देखा। जामा मस्जिद के बाहर और आसपास के इलाके में सुबह से भारी पुलिस बल तैनात है। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने ईद-उल-फितर के मौके पर दिल्ली की संसद मार्ग मस्जिद में नमाज अदा की। आज सुबह ईद-उल-फितर के मौके पर लोगों ने फतेहपुरी मस्जिद में जाकर नमाज अदा की है। वहीं फतेहपुरी मस्जिद में बच्चे एक-दूसरे से गले मिलते हुए नजर आए।

रमजान के मुबारक महीने के खत्म होने के बाद ईद का पर्व मनाया आया। ईद सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि यह इंसानियत, भाईचारे और प्रेम का जश्न है।

# 25 लाख का इनामी माओवादी मुठभेड़ में ढेर

## मौके से एक राइफल, हथियार, गोला-बारूद बरामद



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा में सोमवार को हुई मुठभेड़ में ढेर हुई महिला नक्सली की पहचान हो गई है। जानकारी के अनुसार महिला नक्सली का नाम रेणुका बताया जा रहा है और नक्सली रेणुका पर पूरे 25 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

जवानों ने बताया की, दंतेवाड़ा मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली की पहचान रेणुका उर्फ बानु के रूप में हुई है। साथ ही मौके से राइफल समेत गोला-बारूद और हथियार बरामद किए गए हैं। जवान और नक्सलियों के बीच फायरिंग जारी है।

एंटी नक्सल अभियान के तहत सोमवार सुबह दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों बीच मुठभेड़ हो गई। बताया जा रहा है कि, जवान एरिया डोमेशन के लिए निकले थे, उसी दौरान नक्सलियों ने फायरिंग की।

जवानों की जवाबी कार्रवाई में एक महिला नक्सली ढेर हो गई। महिला नक्सली की पहचान रेणुका उर्फ बानु के रूप में हुई है। शव के अलावा मौके से एक राइफल, हथियार, गोला-बारूद के दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुठभेड़ में मारी गई 25 लाख की इनामी नक्सली रेणुका उर्फ बानु दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी की मेंबर थी, जिसके ऊपर 25 लाख रुपए का इनाम घोषित था। रेणुका वारंगल की रहने वाली थी। वह कई नक्सली हमलों में शामिल रही है। नक्सल कमांडर रेणुका नक्सलियों के प्रेस टीम की प्रभारी भी थी।

गौरतलब है कि, बीते 30 मार्च को बीजापुर में एक साथ 50 नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक, डीआईजी और सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में से 13 नक्सली 68 लाख रुपए के इनामी थे। बता दें कि बस्तर रेंज में साल 2025 में अब तक विभिन्न मुठभेड़ों के बाद 119 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

# नूंह में दो पक्षों में हुई झपड़

## जमकर चले लाठी-डंडे, 12 लोग जख्मी



**नूंह।** हरियाणा के नूंह में ईद के दिन दो पक्षों में आपसी विवाद की खबर है। ये विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि दोनों पक्षों में पहले बहस, फिर लात घूंसे और फिर लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान लगभग 12 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक किसी पुरानी रंजिश के कारण दो पक्ष आपस में भिड़ गए।

देखते ही देखते इस झगड़े ने मारपीट का रूप ले लिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

बता दें कि हरियाणा के नूंह के बिछोर थाना क्षेत्र के तिरवाड़ा गांव में ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद पुरानी रंजिश के कारण दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे चलने लगे। झगड़े में दोनों पक्षों की तरफ से दर्जन भर लोग घायल हो गए। जम्मा पक्ष के लोगों का कहना है कि वे अपने परिवार के साथ नमाज घर लौट रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी रंजिश चल रही थी। दूसरे पक्ष पर पहले से ही मुकदमे दर्ज हैं। वो लोग आए दिन झगड़ा करते रहते हैं और पहले भी कई बार हमला कर चुके हैं। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने कहा कि मामूली कहासुनी को लेकर ये विवाद हुआ। इसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं।

### मुस्तैदी से मौजूद पुलिस

झगड़े की सूचना मिलते ही बिछोर थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और झगड़े को शांत कराया गया। विवाद आगे ना बढ़े, इसे ध्यान में रखते हुए पुन्हाना सदर थाना और पुनहाना सिटी थाना पुलिस बल भी मौके पर मौजूद है। इसके साथ ही डायल 112 के जवान भी मुस्तैदी के साथ मेवात में तैनात हैं। वहीं घायलों का पुनहाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज चल रहा है। जिन घायलों की हालत ज्यादा सीरियस है, उन्हें नल्हड़ के लिए रेफर किया गया है।

### थाना प्रभारी ने दी जानकारी

पुनहाना सिटी थाना प्रभारी भरत सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि तिरवाडा गांव में झगड़ा हुआ। दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवाद को शांत करा दिया गया है। विवाद आगे न बढ़े, इसे देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत कर दी गई है।

# देहरादून में मिलावटी कुट्टू के आटे के सेवन से करीब 100 लोग बीमार



**देहरादून।** देहरादून में कुट्टू का आटा खाने से 100 से अधिक लोग बीमार हुए हैं। इन्हें दून अस्पताल के साथ ही कोरोनेशन अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है। इनमें से 60 लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि 40 से अधिक लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं, जिनका अभी इलाज चल रहा है।

बताया जा रहा है कि नवरात्र में कुट्टू का आटा खाने की वजह से इन लोगों की तबियत बिगड़ी है। सूचना पर स्वास्थ्यमंत्री धन सिंह रावत भी कोरोनेशन अस्पताल पहुंच रहे हैं। वहीं, प्रशासन ने शहरभर में छापेमारी शुरू कर दी है।

कुट्टू के आटे के सप्लायरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जबकि दुकानों से आटे को जब्त कर सैंपलिंग ली जा रही है। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक कुट्टू के आटे की सप्लाई विकासनगर से की गई थी।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि विकासनगर से दून की छह दुकानों में कुट्टू के आटे की सप्लाई की पुष्टि हो चुकी है। इन दुकानों से आटा जब्त कर लिया गया है। साथ ही लोगों से भी अपील की गई है कि वह कुट्टू के आटे का सेवन न करें, क्योंकि शहर में बड़े पैमाने पर विकासनगर के सप्लायर से कुट्टू के आटे की सप्लाई हुई है।

पुलिस इनकी पहचान कर रही है। साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें सैंपल जांच में जुट गई है। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट के माध्यम से कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कोरोनेशन अस्पताल पहुंचे :** देहरादून में कुट्टू के आटे के व्यंजन खाने से बड़ी संख्या में लोग बीमार।अभी तक दीपनगर, ऋषिनगर और प्रेमनगर क्षेत्र के 216 मरीज विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचे हैं।

# जींद-सोनीपत रूट पर दौड़ेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन





**जींद।** डीजल से इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव पर शिफ्ट होने के बाद, भारतीय रेलवे अब मोबिलिटी के एक नए युग में प्रवेश करने के लिए तैयार है। रेल मंत्रालय भारत में हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हरियाणा के जींद-सोनीपत मार्ग पर आज से इस ट्रेन का ट्रायल रन शुरू होने की उम्मीद है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल द्वारा संचालित ये ट्रेनें डीजल ट्रेनों के विपरीत इमिशन के रूप में सिर्फ वाटर और हीट जनरेट करती हैं।

ये ट्रेनें कार्बन उत्सर्जन और ध्वनि प्रदूषण को काफी हद तक कम करती हैं। जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और चीन के बाद भारत हाइड्रोजन-पावर्ड ट्रेन चलाने वाला विश्व का पांचवां देश बन जाएगा। भारतीय रेलवे ने 35 हाइड्रोजन-पावर्ड ट्रेनें चलाने के लिए 'हाइड्रोजन फॉर हेरिटेज' पहल शुरू की है। भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का निर्माण चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत सरकार ने 35 हाइड्रोजन फ्यूल सेल-बेस्ड ट्रेनों को विकसित करने के लिए रेलवे को 2800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे।

**भारत में दुनिया का सबसे ताकतवर हाइड्रोजन लोकोमोटिव :** भारत ने हाल ही में दुनिया में सबसे ज्यादा क्षमता वाला हाइड्रोजन फ्यूल-बेस्ड ट्रेन इंजन बनाया है। जहां ज्यादातर देशों ने 500 से 600 हॉर्सपावर की क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेनें बनाई हैं, वहीं भारत ने 1,200 हॉर्सपावर की क्षमता वाला इंजन बनाकर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पहली हाइड्रोजन ट्रेन नॉर्थ रेलवे के दिल्ली डिवीजन को मिली है। इसका ट्रायल रन 89 किलोमीटर लंबे जींद-सोनीपत सेक्शन पर होगा। इस प्रोजेक्ट पर प्रति ट्रेन 80 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्रत्येक रूट पर अतिरिक्त 70 करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए इंवेस्ट किए जाएंगे।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# गाजियाबाद और साहिबाबाद के नालों में है गंदगी और कूड़े का राज

## नहीं हुई नालों की पूरी सफाई, तो बरसात में सड़क पर नजर आएगी गंदगी और होगा भारी जलभराव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद का जहां इस बार अपना बजट 3722 करोड़ का कर दिया है। तो नालों की सफाई को लेकर भी इस बार नगर निगम को अधिक मेहनत करनी होगी। अभी से शहरभर और नदिया पार से लेकर लाइन पार तक के प्रमुख नालों की जो हालात है, वह आने वाले दिनों के लिए खतरनाक बन सकती है। शहर से लेकर साहिबाबाद तक के अधिकांश नाले गंदगी, कूड़े और घास से आटे हुए हैं।

नालों में पानी का फ्लो नहीं है और गंदगी जमा होने की वजह से उनकी भारी सफाई की आवश्यकता है अगर नालों की सफाई ठीक प्रकार से नहीं होती है तो बारिश के दिनों में सड़कों पर जलभराव वाला सीन दिखाई देगा। तो वही गंदगी और नालो ओवरफ्लो होकर आमजन के लिए परेशानी का सबक बनेगी। दैनिक करंट क्राइम की टीम ने शहरभर के कई प्रमुख नालों का निरीक्षण किया। तो वहां गंदगी और कूड़े का राज मिला है। नालों में पानी की जगह कूड़ा और गंदगी नजर आ रही है। आने वाले दिनों में नगर निगम को इसको लेकर अभियान चलाना होगा और नालों की सफाई करनी होगी वरना जनता को परेशानी होगी और नगर निगम की टेंशन बढ़ेगी।

### बृज विहार नाला गंदगी और घास से है भरा




**करंट क्राइम :** डेल्टा कॉलोनी का बृज विहार नाला पुराना और बड़ा नाला है लेकिन नाले की सफाई न होने की वजह से हर साल बारिश के दिनों में स्थानीय लोगों को जल भराव से परेशान होना पड़ता है। इस बार भी अभी नाले की सफाई शुरू नहीं हुई है। नगर निगम के अधिकारियों कहना है कि नालों की सफाई का काम अप्रैल से लेकर जून तक लगातार चलता है ताकि जुलाई में मानसून सीजन के दौरान परेशान ना होना पड़े लेकिन बीते कई सालों में नालों की सफाई होने के बावजूद बृज विहार का नाला परेशानी का सबक रहा है।

### गोविंदपुरम के नाले में लगा है कूड़े का अंबार




**करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम शहर से लेकर इंदिरापुरम और साहिबाबाद से लेकर गाजियाबाद के नालों को साफ करने का निर्देश देता है। अलग-अलग जगह मशीन और कर्मचारियों को लगाकर नाले की सफाई की जाती है ताकि बारिश के दिनों में लोगों को परेशान ना होना पड़े और सड़कों पर पानी न भरे। लेकिन वर्तमान में गोविंदपुरम के मुख्य नाले का हाल ही बताने के लिए काफी है की नालों की सफाई का हाल क्या है और आने वाले दिनों में अगर नाले की सफाई नहीं हुई तो आमजन को कितना परेशान होना पड़ेगा।

### महाराजपुर का नाला भी होना चाहिए साफ



**करंट क्राइम :** महाराजपुर का नाला साहिबाबाद के बड़े और प्रमुख नालों में से एक है लेकिन यहां पर भी सफाई का हाल अभी तस्वीर में साफ नजर आ रहा है। नाले में गंदगी और कूड़ा जमा है, साथ ही यहां लोगों ने सामान रखने के साथ ही अपने वाहन भी खड़े कर रखे हैं, अगर नाले की सफाई ठीक प्रकार से होती तो उसमें पानी होता और यहां की स्थिति दूसरी होती, पर नाले की ठीक सफाई न होने की वजह से तस्वीरे बयां कर रही हैं कि हाल क्या है।




## नगर निगम को करना होगा इस बार बेहतर कामकाज

### न्यू गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के पास कब होगी सफाई

**करंट क्राइम :** न्यू गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के सामने राज नगर में बड़ी संख्या में नगर निगम की दुकानें हैं और दुकानों की ठीक पीछे बहुत बड़ा नाला है, जो गंदगी से अटा पड़ा है। इसकी सफाई न होने की वजह से बारिश के सीजन में यहां जलभराव और गंदगी की समस्या से नगर निगम को दो-चार होना पड़ेगा, इसीलिए नगर निगम को चाहिए कि समय रहते ऐसे गंदे नालों की सफाई हो ताकि मानसून वाले सीजन में शहर की तस्वीर ना बदले।




### ठाकुरद्वारा नाले में भी है गंदगी का भंडार

**करंट क्राइम :** नगर निगम हर साल करोड़ों रुपए खर्च कर शहरभर के नालों की सफाई के लिए टेंडर देता है। नाले की सफाई ठीक से हो इसके लिए अधिकारी भी मॉनिटरिंग करते हैं और निर्देश देते हैं अब तो जिओटैग फोटो और वीडियो भी अपलोड करवाते हैं, उसके बावजूद शहर के ठाकुरद्वारा स्थित नाले की तस्वीरें नाले की सफाई व्यवस्था की खुद-ब-खुद पोल खोलने के लिए काफी नजर आ रही है।




# महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने शानदार तरीके से की मन की बात वाली परीक्षा पास

## प्रथम प्रयास में 80 प्रतिशत अंकों के साथ सबसे ऊपर रहा उनका ट्रैक रिकार्ड






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष की कमान संभालने के बाद मयंक गोयल लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। बिहार दिवस के बाद मन की बात कार्यक्रम की कमान महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल ने पहली बार संभाली। बड़ी बात है कि मन की बात कार्यक्रम के पहले प्रयास में ही मयंक गोयल ने शानदार तरीके से ये परीक्षा पास की है। उनका ट्रैक रिकार्ड 80प्रतिशत से ऊपर का रहा है। महानगर अध्यक्ष बनने के बाद मयंक गोयल ने पहली बार मन की बात कार्यक्रम की कमान संभाली और शानदार तरीके से समापन किया है। पहले अटेम्पट में ही 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लेकर वो आये हैं। कई जनपदों में गाजियाबाद ने एक शानदार स्कोर कार्ड हासिल किया है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में भाजपा को 80प्रतिशत नम्बर मिले हैं। देश की सबसे विधानसभा साहिबाबाद में मन की बात कार्यक्रम का स्कोर 88.1 प्रतिशत रहा है और यहां लगभग 23565 लोगों ने मन की बात सुनी है। इसके बाद मुरादनगर विधानसभा में ये स्कोरकार्ड 86.4 प्रतिशत रहा है। यहां 14400 लोगों ने मन की बात सुनी है। वहीं शहर विधानसभा में यह स्कोर 75 प्रतिशत रहा है और लगभग 8742 लोगों ने मन की बात सुनी है। इस तरह से महानगर अध्यक्ष बनने के बाद मयंक गोयल ने अपने पहले ही अटेम्पट में मन की बात परीक्षा 80 प्रतिशत अंकों के साथ पास की है।

# आज एनसीआर बोर्ड में गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि रखेंगे अपनी बात

## सांसद अतुल गर्ग-मेयर सुनीता दयाल और सभी विधायक पहुंचेंगे एक साथ




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिशा की बैठक के बाद अब गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि क्षेत्र के विकास की बात को लेकर दिल्ली जा रहे हैं। आज ये जनप्रतिनिधि दिल्ली मे एनसीआर बोर्ड के कार्यालय पहुंचेगें और गाजियाबाद से जुड़ी विकास की फाईल रखी जायेगी। सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मेयर सुनीता दयाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच भी साथ जायेंगी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा साथ जायेंगे या नहीं जायेंगे, इसको लेकर संशय है। बताया जा रहा है कि यदि वो गाजियाबाद में उपलब्ध रहे तो साथ जायेंगे और अगर उनका कोई कार्यक्रम बाहर हुआ तो हो सकता है कि एनसीआर बोर्ड में साहिबाबाद के विकास की बात उनके प्रतिनिधि रखें। हालांकि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहले भी कह चुके हैं कि उनके विधानसभा क्षेत्र में काफी विकास कार्य हो रहे है। लिहाजा दिशा की बैठक में सांसद के समक्ष कोई प्रस्ताव रखने की आवश्यकता नहीं पड़ी। वहीं दिशा की बैठक में जिस तरह से लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और मेयर सुनीता दयाल के बीच ट्यूनिंग दिखाई दी थी। उसे लेकर यह माना जा रहा है कि जब गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों का काफिला विकास की बात लेकर दिल्ली में एनसीआर बोर्ड के दफ्तर की तरफ कूच करेगा तो लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के साथ मेयर सुनीता दयाल भी होंगी। एमएलसी दिनेश गोयल पहुंचेगे या नहीं पहुंचेंगे, इसका भी अभी पता नहीं चला है। सूत्र बताते हैं कि कई विधायकों ने एनसीआर बोर्ड में देने के लिए अपने अपने प्रस्ताव तैयार कर लिये हैं। वो अपनी विधानसभा क्षेत्र में विकास के प्रस्तावों को एनसीआर बोर्ड के समक्ष रखेंगे। बहरहाल इस बात की पूरी संभावना है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के साथ गाजियाबाद के विधायक, एमएलसी और मेयर दिल्ली में अपने क्षेत्र के विकास का प्रस्ताव रखेंगे।

# भाजपा के मंच पर विधायक नन्द किशोर गुर्जर के खिलाफ बयान से नाराज संगठन

## अनिल कसाना को जिलाध्यक्ष ने किया कारण बताओ नोटिस जारी


क्या लोनी में ही शुरू हो गई है लोनी विधायक की सियासी घेराबंदी

विरोध का फसाना, मनोज धामा, मुखिया गुर्जर के बाद सामने आए अनिल कसाना


भारतीय जनता पार्टी (उ.प्र.)

### ना ली गई प्रेसवार्ता के लिए मेरी अनुमति और अनिल कसाना नहीं हैं सक्रिय सदस्य

**करंट क्राइम।** भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह ने अनिल कसाना को नोटिस जारी किया। इस नोटिस में जिलाध्यक्ष ने कहा कि 30 मार्च को पार्टी के 8 वर्ष पूर्ण होने पर बिना मेरी जानकारी के एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। अनिल कसाना आप पार्टी के सक्रिय सदस्य भी नहीं है। आपके द्वारा बिना मेरी अनुमति के मेरी फोटो बैनर पर लगाकर पार्टी के विधायक नन्द किशोर गुर्जर के खिलाफ अर्नगल बयानबाजी और अभद्र टिप्पणियां की गई। यह सब घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आताहै। जिलाध्यक्ष ने अनिल कसाना को जारी कारण बताओ नोटिस में कहा है कि इस पत्र की प्राप्ति के सात दिन के अंदर स्पष्टीकरण दें, कि क्यों ना आपके विरूद्ध अनुशासनहीनता की कार्यवाही की जाये।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की आलोचना करना पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल कसाना को भारी पड़ा है। दरअसल लोनी में भाजपा का एक कार्यक्रम था और यहां प्रेस वार्ता भी रखी गई थी। इस प्रेस वार्ता में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल कसाना ने लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर पर कई आरोप लगाये।

ये वो मंच था जो भाजपा का था, इसके बैक ड्राप पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का फोटो लगा था। इसके बैक ड्राप पर भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल गुर्जर का फोटो लगा था।

इसी मंच से अनिल कसाना ने मीडिया को बयान दिया। हालांकि दैनिक करंट क्राइम से हुई बातचीत में उन्होंने शनिवार की शाम को ही ये स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने अपना बयान देने के लिए कोई प्रेसवार्ता नहीं बुलाई।

उन्होंने करंट क्राइम को बताया था कि प्रेस वार्ता के दौरान एक पत्रकार ने उनसे लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की कार्यशैली को लेकर सवाल पूछा था और उन्होंने उसका जवाब दिया था। बहरहाल अनिल कसाना का वीडियो वॉयरल होने के बाद इस पर भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल गुर्जर ने संज्ञान लिया और उन्होंने पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल कसाना को इस बात के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया कि उन्होंने पार्टी के मंच पर पार्टी के विधायक के खिलाफ क्यों वक्तत्वय दिया।

जिला अध्यक्ष चैनपाल गुर्जर ने यह भी स्पष्ट किया कि अनिल कसाना ने जो कुछ कहा वो उनकी जानकारी के बिना कहा। बहरहाल अब जिला अध्यक्ष द्वारा अनिल कसाना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने तीसरी पंक्ति में बैठकर पेश कर दी सादगी की एक मिसाल

## ऐसे चेहरे देते हैं सादगी का संदेश और इनका दिल भी होता है विशाल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनीति में सारा झगड़ा ही मंच, माईक और माला का होता है। जिनके हिस्से में ये नहीं आ पाते तो उनका फोकस फिर मंच के सामने वाले सोफे पर सीट हासिल करने का होता है। पहली पंक्ति में सीट मिली तो लीडर कंसीडर होंगे, वरना दूसरी पंक्ति में कौन पूछ रहा है। लेकिन राजनीति में ऐसे भी चेहरे हैं जो शीर्ष पर बैठे हैं लेकिन सरल है। जो सरकारी प्रोटोकॉल प्राप्त हैं लेकिन सादगी के साथ चलते हैं कोई भौकाल नहीं रखते।

कभी उत्तर प्रदेश के तत्कालीन प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल ने ये कहा भी था कि जरूरी नहीं है कि हर बार मंच पर सांसद और विधायक को ही स्थान मिले। उनका कहना था कि कार्यकर्ता को भी स्थान मिले। लेकिन राजनीति में ये बातें कही और सुनी हो जाती है और समय के साथ ये अनसुनी भी हो जाती है। मंच पर तो विधायक और सांसद ही नजर आते हैं। सामने के सोफे पर प्रमुख चेहरे नजर आते है।

दूसरी पंक्ति में कुछ और चेहरे और तीसरी पंक्ति पर किसी का ध्यान नहीं जाता। लेकिन कैबिनेट मंत्रीसुनील शर्मा ने एक ऐसी मिसाल पेश की कि कार्यकर्ता देखते रह गये। वो यह संदेश देने में सफल रहे कि उनके जैसे चेहरे ही कार्यकर्ताओं के मन में एक सादगी का भी संदेश लेकर आते हैं। ये तब हुआ जब मन की बात कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहुंचे और मंच पर नहीं, सामने वाले सोफे पर नहीं, सोफे के पीछे दूसरी कतार में भी नहीं बल्कि वो तीसरी पंक्ति में कुर्सियों पर कार्यकर्ताओं के बीच जाकर बैठ गये। साहिबाबाद में मन की बात का कार्यक्रम था और यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को यह एहसास कराया कि साधारण बन कर भी ऊंचाईयों को छुआ जा सकता है। ऊंचाईयों पर बैठकर भी सहज रहा जा सकता है और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का यह व्यवहार अन्य नेताओं के लिए भी सीख है।

सुनील शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं वो देश में सबसे ज्यादा वोटों से जीते हुए विधायक हैं। लेकिन वो कितने सहज और सरल हैं, ये तब दिखा जब वो मन की बात कार्यक्रम में पहुंचे। यहां मंच पर तमाम जनप्रतिनिधि मौजूद थे। सामने वाले सोफे पर संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे और ऐसे में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बेहद खामोशी के साथ तीसरी पंक्ति में अनुशासित कार्यकर्ता की तरह बैठ गये।

उन्होंने एक कार्यकर्ता की तरह तीसरी पंक्ति में बैठ कर लगभग एक घंटे तक मन की बात सुनी और जब कार्यक्रम समाप्त हुआ तब महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने उन्हें मंच पर आमंत्रित किया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मंच पर गये। लेकिन तीसरी पंक्ति में बैठकर वो कार्यकर्ताओं में दिल में सबसे अगली पंक्ति में बैठ गये है। एक सहजता का एक सरलता का उदाहरण उन्होंने उन जनप्रतिनिधियों के सामने रखा जिन्हें सबसे पहले मंच चाहिए। उन सगठन पदाधिकारियों के सामने भी एक मिसाल पेश की जिन्हें सबसे पहले सोफे पर बैठना है। लेकिन यहां प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा तीसरी पंक्ति में कार्यकर्ताओं के साथ बैठ गये। राजनीति में ये मिसालें सही मायनों में ये भी बताती हैं कि जनप्रतिनिधि का दिल भी अगर विशाल हो तो फिर वो अपनी सादगी और सरलता की मिसाल कहीं भी पेश कर सकता है।

## संपादकीय

# तालमेल पर ध्यान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागपुर यात्रा में संघ मुख्यालय जाना एक बड़ा कदम है। इससे उनके और संघ के बीच संबंधों में सुधार हुआ है। इस यात्रा से भविष्य में पार्टी और सरकार में महत्वपूर्ण फैसलों में सहजता और सामंजस्य आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपनी नागपुर यात्रा के दौरान हालांकि कई कार्यक्रमों में शिरकत की, लेकिन इस दौरे का सबसे खास पहलू था उनका संघ मुख्यालय जाना। नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री कभी वहां नहीं गए थे। उनसे पहले संघ मुख्यालय जाने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी रहे।

समर्पण के बावजूद वैसे तो पीएम मोदी संघ प्रचारक रहे हैं, संघ की सोच और उसके अजेंडा को लेकर उनका समर्पण संदेहों से परे रहा है, फिर भी कई वजहों से केंद्र सरकार और संघ के बीच रिश्तों में कथित रूप से थोड़ी असहजता देखी जा रही थी। पिछले साल बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनावों से पहले कहा था कि पार्टी अब इतनी समर्थ हो गई है कि उसे संघ के सहारे की जरूरत नहीं। इस बयान को भी दोनों के रिश्तों में असहजता से जोड़कर देखा गया।

उदासीनता का नतीजा खैर, औपचारिक तौर पर संघ की कोई बीजेपी अध्यक्ष के इस बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आई, लेकिन जब लोकसभा चुनावों में बीजेपी 'अबकी बार चार सौ पार' के दावों के बीच अपने दम पर बहुमत भी हासिल नहीं कर पाई तो माना गया कि संघ की कथित नाराजगी से उपजी उदासीनता की इसमें बड़ी भूमिका रही। इसके बाद दोनों तरफ से गलतफहमियां दूर करने की कोशिशों का नतीजा हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में बीजेपी को मिली अप्रत्याशित सफलता को माना गया। अब पीएम मोदी की इस यात्रा ने रहा-सहा संदेह भी दूर करने का काम किया है।

सहमति के संकेत आरएसएस से बीजेपी के रिश्तों के संदर्भ से अलग हटकर देखें तो भारतीय राजनीति को प्रभावित करने वाले कुछ और अहम सवाल भी इस यात्रा से जोड़े जाते रहे हैं। ऐसा ही एक सवाल अगले पार्टी अध्यक्ष के नाम पर सहमति बनने का है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा पार्टी और सरकार के भविष्य के लिहाज से अहम माने जाने वाले ऐसे कई मसलों पर फैसलों में तेजी लाएगी। आगे की राह पीएम मोदी की अगुआई में हिंदुत्व की राजनीति ने अपना जैसा विस्तार किया है, उसके मद्देनजर यह सवाल भी बहुतों के मन में उठने लगा है कि इस राजनीति के अगले चरण का नेतृत्व कौन करेगा। हालांकि बीजेपी यह स्पष्ट कर चुकी है कि सरकार के मौजूदा कार्यकाल में किसी तरह के बदलाव का सवाल ही नहीं उठता, फिर भी संघ प्रमुख और पीएम मोदी की यह करीबी इस बात का संकेत है कि भविष्य की दिशा तय करने का काम अब ज्यादा सहजता और सामंजस्य के साथ होगा।

# वित्त मंत्री आज से 'राज्य आर्थिक मंच' पोर्टल का करेंगी शुरुआत




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच पोर्टल का शुभारंभ करेंगी। इस पोर्टल पर 2022-23 तक के (पिछले तीन दशकों) राज्यों के सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों से जुड़े आंकड़े उपलब्ध होंगे। नीति आयोग की राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) के सहयोग से विकसित यह पोर्टल, राज्यों की पांच श्रेणियों- जनसांख्यिकी; आर्थिक संरचना; राजकोषीय, स्वास्थ्य और शिक्षा- से जुड़े डाटाबेस तक लोगों को सीधी पहुंच प्रदान करेगी। नीति आयोग ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा, यह पोर्टल 28 भारतीय राज्यों के वृहद और राजकोषीय परिदृश्य की जानकारी भी उपलब्ध कराएगा। ये आंकड़े जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, सामाजिक-आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों पर आधारित होगा। पोर्टल से वृहद, राजकोषीय, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक रुझानों को समझने में सुविधा होगी। एक नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत हो रही है। नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के साथ ही देश के वित्तीय क्षेत्र से जुड़े कई बदलाव होने वाले हैं। नए बदलावों में आयकर नियम से जुड़े बदलाव, क्रेडिट कार्ड से जुड़े बदलाव, यूपीआई नियम में बदलाव और अन्य वित्तीय क्षेत्र के बदलाव शामिल हैं। नए वित्तीय वर्ष में जो प्रमुख बदलाव होने हैं, आइए उस बारे में जानें।

### नए आयकर नियम में बदलाव

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट 2025 भाषण के दौरान नए टैक्स स्लैब और दरों में बदलाव की घोषणा की। ये संशोधित आयकर नियम भी 1 अप्रैल से लागू होंगे। नए आयकर नियमों के तहत, सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को आयकर का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। वेतनभोगियों को 75,000 रुपये की मानक कटौती का भी लाभ मिलेगा। जिससे नई कर व्यवस्था के तहत प्रभावी रूप से 12.75 लाख रुपये का वेतन कर-मुक्त हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, नई कर व्यवस्था के तहत कर स्लैब में भी बदलाव किया गया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (वढक) की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये दिशा निर्देश एक अप्रैल से लागू होंगे। 1 अप्रैल से निष्क्रिय नंबरों से यूपीआई भुगतान संभव नहीं होगा। एनपीसीआई ने बैंकों और थर्ड-पार्टी यूपीआई प्रदाताओं जैसे फोनपे और गूगल पे को यूपीआई से जुड़े निष्क्रिय नंबरों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए दिशा-निर्देश लागू करने को कहा है। ये नंबर सुरक्षा से जुड़े जोखिम पैदा करते हैं। अगर यूपीआई से जुड़ा आपका मोबाइल नंबर लंबे समय से इस्तेमाल नहीं किया गया है, तो आप 01 अप्रैल से अपने यूपीआई खाते तक पहुंच खो सकते हैं।


### क्रेडिट कार्ड नियम में बदलाव

कार्डधारकों के लिए रिवॉर्ड पॉइंट स्ट्रक्चर के मामले में क्रेडिट कार्ड के नियम भी बदलेंगे। सिंपलीक्लिक और एयर इंडिया एसबीआई प्लेटिनम क्रेडिट कार्ड के साथ एसबीआई कार्ड का उपयोग करने वालों को रिवॉर्ड पॉइंट स्ट्रक्चर में बदलाव देखने को मिलेगा।

# पॉलिसीधारकों को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत

## इलाज के लिए मिले मुआवजे से नहीं कटेगी मेडिक्लेम राशि

**नई दिल्ली।** किसी व्यक्ति को मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत चिकित्सा व्यय के लिए मिले मुआवजा राशि से नहीं काटा जा सकता। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। अदालत के इस फैसले से बीमाधारकों को बड़ी राहत मिल सकती है। न्यायमूर्ति एएस चांदुरकर, न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की पूर्ण पीठ ने 28 मार्च को अपने फैसले में कहा कि मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत राशि दावेदार की ओर से बीमा कंपनी के साथ किए गए अनुबंध के आधार भुगतान होना चाहिए। पीठ ने कहा, हमारे विचार में, मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार की ओर से प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी।



विभिन्न एकल व खंडपीठों की ओर से इस पर अलग-अलग विचार रखे जाने के बाद इस मुद्दे को पूर्ण पीठ को सौंप दिया गया था। पूर्ण पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा देने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्तव्य भी है। इसमें कहा गया है कि बीमा के कारण प्राप्त राशि, बीमाधारक द्वारा कंपनी के साथ किए गए संविदात्मक दायित्वों के कारण है। अदालत ने कहा कि प्रीमियम का भुगतान करने के बाद यह स्पष्ट है कि लाभार्थी राशि या तो पॉलिसी की परिपक्वता पर या मृत्यु पर, चाहे मृत्यु का तरीका कुछ भी हो, दावेदार के हिस्से में आएगी।

अदालत ने कहा, आरोपी मृतक की दूरदर्शिता और बुद्धिमानी से किए गए वित्तीय निवेश का लाभ नहीं उठा सकता। यह कानून की स्थापित स्थिति है।

# पीएफ निकासी के ऑटो सेटलमेंट की सीमा में होगा बदलाव

## 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रु. करने की तैयारी में केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार पीएफ निकासी के ऑटो सेटलमेंट की सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने जा रही है। इससे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 7.5 करोड़ सदस्यों के लिए पीएफ निकासी की व्यवस्था और आसन हो जाएगी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने 7.5 करोड़ सदस्यों के लिए पीएफ निकासी को और आसान बना दिया है। अब ऑटो-क्लेम सेटलमेंट (एएसएसी) की सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की तैयारी की जा रही है।

### क्या है नया बदलाव

अब पीएफ के एडवांस क्लेम (एएसएसी) की सीमा 5 लाख रुपये तक होगी, इसके साथ ये क्लेम सेटलमेंट अब 3-4 दिन में होगा, पहले इसमें 10 दिन या उससे अधिक दिन (साप्ताहिक छुट्टी और त्योहारी छुट्टियों के कारण) लगते थे। वहीं अब शादी, शिक्षा और घर खरीदने के लिए भी ऑटो-क्लेम सुविधा मिलेगी। जबकि, पहले केवल बीमारी और अस्पताल के खर्च के लिए ही ऑटो-क्लेम मिलता था।

### ईपीएफओ के सदस्यों को कैसे होगा फायदा

ईपीएफओ के अनुसार, 95 फीसदी क्लेम अब ऑटो-प्रोसेस होंगे, जिससे करोड़ों कर्मचारियों को तुरंत पैसा मिलेगा। इसके लिए कागजी कार्यवाही कम कर दी गई है, पहले 27 चरण थे, अब सिर्फ 18 और जल्द ही मात्र छह चरण रह जाएंगे। अब पीएफ निकासी में यूपीआई और एटीएम की सुविधा भी जल्द शुरू होगी। ईपीएफओ के मुताबिक, मई-जून तक यह सुविधा लागू हो सकती है।

# सीएनजी और पाइप्ड गैस की कीमतों में नरमी की उम्मीद


**नई दिल्ली।** तेल व गैस नियामक पीएनजीआरबी ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाने वाली पाइपलाइनों के लिए शुल्क निर्धारण की नई नीति का प्रस्ताव रखा है। अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है तो इससे सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में नरमी दिख सकती है। नियामक ने घरों में सीएनजी और पाइप के जरिए रसोई गैस बेचने वाली शहरी गैस इकाइयों से न्यूनतम दर पर शुल्क वसूलने का प्रस्ताव दिया है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने प्राकृतिक गैस को इसके उत्पादन वाले क्षेत्रों से या आयात बंदरगाहों से ले जाने वाली पाइपलाइनों पर लगाए गए क्षेत्रीय शुल्कों में परिवर्तन के लिए एक सार्वजनिक परामर्श दस्तावेज जारी किया है। यह बदलाव उन संयंत्रों के लिए किया गया है जो इससे बिजली बनाते हैं। इसके अलावे इसका असर उन उर्वरक इकाइयों पर पड़ेगा जो इससे यूरिया बनाती हैं। इसके अलावे इससे वे शहरी गैस इकाइयां भी इससे प्रभावित होंगे जो इसे ऑटोमोबाइल को बेचने के लिए सीएनजी में बदल देती हैं और खाना पकाने के लिए इसे घरेलू रसोई तक पहुंचाती हैं।



नियामक ने कहा, निवेश लाने और देश में विशेष रूप से सीएनजी और घरेलू पाइप्ड प्राकृतिक गैस (खाना पकाने के लिए घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाली) में गैस की खपत बढ़ाने के लिए एक और दूरगामी सुधार में, पीएनजीआरबी घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन में इस्तेमाल होने वाली पाइप्ड प्राकृतिक गैस की कीमत कम करने का प्रस्ताव लेकर आया है। टैरिफ विनियमन के विभिन्न पहलुओं पर हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए एक सार्वजनिक परामर्श दस्तावेज (पीसीडी) वेबहोस्ट किया गया है। इसके तहत एकीकृत टैरिफ जोन को तीन से घटाकर दो करने का प्रस्ताव रखा गया है।

पीएनजीआरबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए ट्रांसमिशन शुल्कों को नियंत्रित करता है। इन्हें नियोजित पूंजी पर 12 प्रतिशत मानक रिटर्न प्रदान करने के लिए तय किया जाता है। ये शुल्क, पारंपरिक रूप से, पाइपलाइन की लंबाई के साथ विभाजित किए जाते थे।

## रोचक तथ्यों का करंट



- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।
- एक समुद्री केकड़े का दिल उसके सिर में होता है।
- इंटरनेट पर 80% ट्रैफिक, सर्च इंजन से आता है।
- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

गप्पू- यार पेट कम करने का कोई तरीका बताओ
पप्पू- फोटो छाती तक ही खिंचाया कर...
गप्पू- सच में ...जिंदगी में ऐसे दोस्त जिनके पास नहीं हैं...उनका जीवन व्यर्थ है...

---

एक अंकल ने पप्पू से पूछा - पढ़ाई कैसी चल रही है...?
पप्पू ने जवाब दिया - अंकल, समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाते हैं,
बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाते हैं,
चुल्लू भर नंबर आते हैं, उसी में डूब कर मर जाते हैं...!!!

---

रामू (डॉक्टर से)- डॉक्टर साहब, जब मैं सोता हूं तो सपने में बंदर फुटबॉल खेलते हुए दिखाई देते हैं।
डॉक्टर- तुम ये गोली रात को खाना खाने के बाद और सोने से पहले खा लेना।
रामू- कल से खाऊंगा क्योंकि आज तो फाइनल मैच है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 01 04 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



माही विज (अभिनेत्री)



मीरा सिंह



प्रीती



नंदिता अग्रवाल



जाकिर अली सैफी (पूर्व पार्षद)



अनिल मित्तल



प्रमोद कसाना



सच्चिादनंद



प्रिंस पंडित



राजू चौधरी



सतीश कुमार



विकास



यशपाल सिंह



शेख तौफीक सिद्दीकी



संजीव सक्सेना



सुधीर श्रीवास्तव



अमित कुमार



गोपाल करगेती



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

# कोनर्स-फेडरर के क्लब में जगह बनाने से चूके जोकोविच

## 19 साल के मेन्सिक ने जीता मियामी ओपन का खिताब

**मियामी।** चेक रिपब्लिक के उभरते सितारे जाकुब मेन्सिक ने सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर मियामी ओपन का खिताब जीत लिया है। मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले पुरुष एकल के फाइनल में मेन्सिक ने 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की। वहीं, महिला एकल के फाइनल में बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने जेसिका पेगुला को हरा दिया और अपना 19वां टूर खिताब जीता।





### 19 साल के मेन्सिक ने 37 साल के जोकोविच को हराया

19 साल के मेन्सिक और विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज मेन्सिक ने जोकोविच को हराकर उन्हें 100वें पेशेवर खिताब से दूर कर दिया। 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच ने इस मैच में अहम मौकों पर कई गलतियां कीं। वहीं, मेन्सिक ने 14 एस के साथ जोकोविच पर ताबड़तोड़ हमले किए। 37 साल के जोकोविच अगर यह फाइनल जीतते तो वह जिमी कोनर्स और रोजर फेडरर के क्लब में शामिल हो जाते, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कोनर्स ने अपने करियर में 109 पेशेवर खिताब और फेडरर ने 103 पेशेवर खिताब जीते थे। यह दोनों ओपन एरा में 100 या इससे ज्यादा करियर टाइटल्स जीतने वाले खिलाड़ी हैं।

### दोनों फाइनलिस्ट के बीच 18 साल का अंतर

दोनों फाइनलिस्ट के बीच 18 साल 102 दिन का अंतर था, जो कि 1976 के बाद किसी भी एटीपी-1000 स्तर के फाइनल या किसी भी टूर स्तर के फाइनल में सबसे बड़ा उम्र का अंतर था। इससे पहले यह रिकॉर्ड आंद्रे अगासी और राफेल नडाल के बीच मॉन्ट्रियल मास्टर्स 2005 के फाइनल मुकाबले के नाम था। तब अगासी 35 साल और नडाल 19 साल के थे और फाइनल में दोनों के बीच उम्र का अंतर 16 साल 35 दिन का था। मैच में बारिश ने खलल डाला। साढ़े पांच घंटे की देरी से मैच शुरू हुआ। दोनों ही सेट टाइ ब्रेकर में गए, लेकिन मेन्सिक जोकोविच के खिलाफ इसमें बेहतर करने में सफल रहे।

### महिलाओं में सबालेंका बनीं चैंपियन

वहीं, महिला एकल में बेलारूस की शीर्ष वरीय सबालेंका ने अमेरिका की चौथी वरीय पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन का खिताब जीता जो उनके करियर का 19वां टूर खिताब है। सबालेंका ने 24 विनर्स लगाए और 11 लाख डॉलर की इनामी राशि अपने नाम की। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सबालेंका ने अमेरिकी ओपन 2024 के फाइनल में भी पेगुला को सीधे सेट में 7-5, 7-5 से हराया था। मासेली अरेवालो और मेट पाविच की शीर्ष वरीय जोड़ी ने जूलियम कैश और लॉयड ग्लासपूल की छठी वरीय जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराकर पुरुष युगल खिताब जीता।

# इश्मीत सिंह ओपन एंड चिल्ड्रन प्राइज मनी शतरंज फेस्टिवल में ओपन श्रेणी में बने चैंपियन



**चंडीगढ़।** इश्मीत सिंह 5.5 अंकों के साथ चंडीगढ़ शतरंज अकादमी ओपन एंड चिल्ड्रन प्राइज मनी शतरंज फेस्टिवल 2025 में ओपन श्रेणी में चैंपियन बने, जबकि अमोघ अग्रवाल ने 5.5 अंकों के साथ अंडर-14 श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया। माधव गर्ग ने 5.5 अंकों के साथ अंडर-10 श्रेणी में जीत हासिल की। महिला और बालिका वर्ग में ओपन वर्ग में काम्या कुमारी को सर्वश्रेष्ठ महिला का खिताब दिया गया। अंडर-14 वर्ग में कृति अग्निहोत्री को सर्वश्रेष्ठ लड़की, अंडर-10 वर्ग में त्रिमन कौर गिल को सर्वश्रेष्ठ लड़की और अंडर-07 वर्ग में इनायत कौर को सर्वश्रेष्ठ लड़की का खिताब दिया गया। अंडर-07 वर्ग में दिव्यांश गर्ग को सर्वश्रेष्ठ लड़के का खिताब दिया गया। इस टूनामेंट का आयोजन चंडीगढ़ शतरंज अकादमी द्वारा किया गया था और इसमें उत्तरी भारत के विभिन्न राज्यों से 130 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इनमें से 41 अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के पूर्व डीजीपी डॉ. चंद्र शेखर, आईपीएस और विशिष्ट अतिथि के रूप में चंडीगढ़ बैपटिस्ट स्कूल, सेक्टर-45डी के प्रबंध निदेशक अरुण मसीह उपस्थित थे। शेखर ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और एक प्रेरक भाषण दिया।

# एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में दीपक पूनिया और उदित को रजत, दिनेश को कांस्य



**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में तीसरी बार रजत पदक जीता, जबकि उदित को लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे पूनिया ने बेकजात राखिमोव के खिलाफ 92 किग्रा वर्ग के कड़े मुकाबले में जीत के साथ वापसी की। पूनिया को किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 12-7 से जीत दर्ज करने में सफल रहे।

पूनिया को जापान के ताकाशी इशिगुरो से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद थी, लेकिन भारतीय पहलवान ने उन्हें आसानी से 8-1 से हरा दिया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में ईरान के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अमीरहुसैन बी फिरोजपोरबांदपेई ने उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं। वह 2021 में अल्माटी और 2022 में उलानबटोर में फाइनल में हार गए थे, जबकि 2019 और 2020 में कांस्य पदक जीते।

उदित ने भी 61 किग्रा में किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजार उलु को 9-6 से हराने के बाद चीन के वानहाओ झोउ को 2-0 से शिकस्त दी। उन्होंने पिछले साल रजत पदक जीता था। स्वर्ण पदक के मुकाबले में उन्हें दुनिया के नंबर एक पहलवान ताकारा सूडा ने 6-4 से हराया। भारत के मुकुल दहिया ने भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। सिंगापुर के वेंग लुएन गैरी चाउ को दहिया ने बिना अंक गंवाए तकनीकी दक्षता के आधार पर हराने के बाद किर्गिस्तान के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मुहम्मद अब्दुल्लाव को 3-1 से शिकस्त दी।

**पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं। वह 2021 में अल्माटी और 2022 में उलानबटोर में फाइनल में हार गए थे, जबकि 2019 और 2020 में कांस्य पदक जीते।**

सेमीफाइनल में दहिया को हालांकि ईरान के दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अबुलफजल वाई रहमानी फिरौजाई के खिलाफ तकनीकी दक्षता के आधार पर शिकस्त झेलनी पड़ी। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में उन्हें जापान के तत्सुया शिराइ ने 4-2 से हराया। दिनेश भी हेवीवेट 125 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे।

भारतीय पहलवान ने क्वार्टर फाइनल में तकनीकी दक्षता के आधार पर चीन के बुहीरदुन हराया, लेकिन सेमीफाइनल में मंगोलिया के लखागवागेरेल मुनखतूर के खिलाफ 1-5 से हार गए। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में दिनेश ने तुर्कमेनिस्तान के सापारोव जेड को 14-12 से मात दी। हालांकि, जयदीप अहलावत (74 किग्रा) को अपने शुरूआती मुकाबले में जापान के हिकारू ताकाता के खिलाफ 5-10 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने चैम्पियनशिप में दस पदक जीते।

# बड़ागांव त्रिलोकतीर्थ स्याद्वाद युवा क्लब ने किया खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बड़ागांव त्रिलोकतीर्थ स्याद्वाद युवा क्लब ने सुखवीर सिंह स्टेडियम खेला खेकड़ा में 100 मीटर, 200 मीटर व 400 दौड़, शॉर्टपूट, लॉन्ग जंप तथा हाई जंप खेलो का आयोजन किया गया' जिसमे आठ स्कूलों के 300 छात्रों, छात्राओं ने हिस्सा लिया' खेलो को दो भागो अंडर-14 व अंडर-18 में विभाजित किया गया था। जिसमे अंडर-14 बालकों की 100 मीटर दौड़ में कोणार्क स्कूल के शिवांग, अंडर-18 में एमबीन्स स्कूल के अरुण, बालिकाओं में अंडर-14 में ऋषिकुलम स्कूल की मानवी, अंडर-18 में देवकृष्णा स्कूल की कशीश,200 मीटर अंडर-14 बालकों में देवकृष्णा स्कूल के लक्ष्य, अंडर-18 स्याद्वाद स्कूल के शिवा शर्मा,बालिकाओं में अंडर-14 में ऋषिकुलम स्कूल की रिद्धि, अंडर-18 में एमबीन्स की मुस्कान,400 मीटर अंडर-14 में देवकृष्णा स्कूल के लक्ष्य ,अंडर-18 में कोणार्क स्कूल के कार्तिक,बालिकाओं में अंडर-14 में गुरुकुलम स्कूल प्रयांशी, अंडर-18 में एमबीन्स की मुस्कान प्रथम रहे। शॉर्टपुट बालकों अंडर-14 स्याद्वाद स्कूल का आयुष, अंडर-18 एमबीन्स स्कूल के आदित्य, बालिकाओं में अंडर-14 में ऋषिकुलम स्कूल की कनक, अंडर-18 देवकृष्णा की धानी' लॉन्ग जंप अंडर-14 बालकों में एमबीन्स के वंश, अंडर-18 एमबीन्स के आदित्य, अंडर-14 बालिकाओं में ऋषिकुलम स्कूल की मानवी, अंडर-18 स्याद्वाद स्कूल की गुनगुन व हाई जंप अंडर-14 बालकों में एमबीन्स स्कूल वंश, अंडर-18 में एमबीन्स स्कूल के अद्वितीय दीक्षित बालिकाओं अंडर-14 में स्याद्वाद स्कूल की प्रयांशी जैन,अंडर-18 में स्याद्वाद तनु प्रथम रहे।




कार्यक्रम का शुभआरम्भ प्रथम न्यायधीश शिवकुमार व विधायक योगेश धामा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश जैन ने बताया की अन्य जनपदों में भी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहेगा' जिससे की बच्चो का उत्साह बढ़ेगा ओर वो आगे चलकर देश, विदेशों में जीत हासिल कर अपने क्षेत्र समाज व परिवार का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में महेंद्र जैन जिनेन्द्र जैन, लक्की, प्रदीप, शानू, रंजन, सुशील, हिमांशु, निमित, नितेश, संस्कार, यश, वरुण, मनोज, अभय शौर्य, नितिन, गौरव,लिल्ली, छाया, मनीषा, डॉली, त्रिलोकचंद, नगेन्द्र गोयल, श्यामलाल, प्रदीप ठाकुर, मनुपाल बंसल, परविंद्र धामा, आदि का सहयोग रहा।

# नितीश राणा के बल्ले से बरसे रन और राहुल द्रविड़ की मुस्कान का कनेक्शन

**मुंबई।** गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का होम ग्राउंड नहीं है। मगर इस आईपीएल सीजन के पहले दो मैच राजस्थान ने इसी मैदान पर खेले। स्थानीय हीरो रियान पराग 30 मार्च को हुए मैच में संजू सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे थे। रियान को मैदान पर राज्य के क्रिकेट फैंस को देखकर शायद हैरानी हुई होगी। ये फैंस रियान की टीम की बजाय चेन्नई सुपर किंग्स और धोनी के लिए अति-उत्साहित थे। पिछले मैच में 9वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आने पर धोनी की काफी आलोचना हुई थी। इस बार धोनी 7वें नंबर पर आए। इस वक़्त चेन्नई को जीतने के लिए 24 गेंदों पर 54 रन बनाने थे। लक्ष्य था 183 रन। धोनी के साथ दूसरे छोर पर रविंद्र जडेजा थे। दोनों खिलाड़ियों ने अतीत के शानदार रिकॉर्ड को वर्तमान में तलाशने की जोरदार कोशिश की। ये कोशिशें रंग नहीं लाईं। चेन्नई की टीम छह रनों से हार गई। ये फासला शायद आपको ये आभास दे कि मैच काफी रोमांचक रहा और चेन्नई भी मैच जीत सकता था। मगर हकीकत यही है कि पहले बल्लेबाजी करते हुए और फिर बाद में गेंदबाजी करते हुए राजस्थान ने पावर-प्ले ओवर्स के दौरान ही मैच का नतीजा लगभग तय कर दिया। वैसे भी 2020 से लेकर अब तक राजस्थान के खिलाफ 9 मैचों में 7 बार चेन्नई को मुंह की ही खानी पड़ी है।



180 से ज्यादा रनों का पीछा करते हुए पिछले 9 मैचों में चेन्नई को हार मिली है। जाहिर है कि इस टीम में बल्लेबाजी को लेकर कुछ स्वाभाविक कमियां हैं। बल्लेबाजी में संघर्ष तो राजस्थान का भी दिख रहा है क्योंकि टीम इंडिया के दो तगड़े ओपनर यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की मौजूदगी के बावजूद उनको वो सधी हुई शुरूआत नहीं मिल रही है।

# रियान पराग पर 12 लाख रुपए का जुमार्ना: चेन्नई के खिलाफ स्लो ओवर रेट की सजा मिली; टीम 6 रन से जीती

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर स्लो ओवर रेट के लिए बीसीसीआई ने 12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। आरआर ने 30 मार्च को गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सीजन का 11वां मैच खेला था। इसमें राजस्थान की टीम दूसरी पारी में फिल्डिंग करने उतरी थी। टीम निर्धारित समय में 20 ओवर नहीं फेंक पाई थी। इसके बाद भी राजस्थान ने अपनी पहली जीत दर्ज कर ली थी। टीम ने सीएसके को 6 रन से हराया था।



हार्दिक पांड्या पर भी लगा था जुमार्ना यह आईपीए 2025 का दूसरा स्लो ओवर रेट का मामला है। इससे पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी गुजरात टाइटंस के खिलाफ इसी वजह से 12 लाख का फाइन लगाया गया था। इसी वजह से उनकी टीम को मैच के आखरी ओवर में 30 यार्ड सर्कल में एक फील्डर ज्यादा रखना पड़ा था।

अब कप्तान पर स्लो ओवर रेट के कारण नहीं लगेगा मैच बैन 18वें सीजन से बीसीसीआई ने कप्तान पर मैच का बैन लगाने वाले नियम को हटा दिया है। अब स्लो ओवर रेट के कारण टीम के कप्तान पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। अब केवल मैच फीस का फाइन और फील्डिंग प्रतिबंध ही लागू किए जा रहे हैं।

रियान पराग की कप्तानी में पहली जीत मिली राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज की। टीम को इससे पहले शुरूआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके के सामने 183 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में चेन्नई की टीम 176 रन ही बना सकी।

आरआर का अगला मुकाबला 5 अप्रैल को राजस्थान अपना अगला मैच 5 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी। मैच मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। ये लीग में पंजाब का तीसरा और राजस्थान का चौथा मैच होगा।

# केकेआर के जिस खिलाड़ी को टीम इंडिया में दिया मौका, अब वही रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए सबसे बड़ा खतरा




**मुंबई।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मौजूदा आईपीएल 2025 सीजन में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के विकेट लेने के लिए उत्सुक हैं। आईपीएल 2025 में वह किन बल्लेबाजों को आउट करना चाहेंगे, इस बारे में पूछे जाने पर चक्रवर्ती ने अपने साथियों के नाम बताए, जिनमें रोहित और कोहली की दिग्गज बल्लेबाजी जोड़ी भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से कोई भी बल्लेबाज जो शानदार फॉर्म में हो। हेनरिक क्लासेन, निकोलस पूरन, विराट कोहली, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी - ये सभी स्टार खिलाड़ी हैं। अगर मैं उनके विकेट ले पाऊं तो मुझे बहुत खुशी होगी।'

अब तक दो मैचों में तीन विकेट लेने वाले इस स्पिनर के पास सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में रोहित और सूर्यकुमार यादव के विकेट लेने का मौका होगा। इस महीने की शुरूआत में दुबई में भारत के खिताब जीतने वाले चैंपियंस ट्रॉफी अभियान में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त होने के बाद 33 वर्षीय यह खिलाड़ी असाधारण फॉर्म में है। वह आईपीएल के पिछले संस्करण में केकेआर की जीत का भी हिस्सा थे। इस सीजन से मिली सीख पर विचार करते हुए चक्रवर्ती ने कहा, 'सबक यह है कि आपका पिछला टूनार्मेंट शानदार हो सकता है, लेकिन फिर भी आपको शुरूआत से शुरूआत करनी होगी। क्रिकेट आपको यही सिखाता है। आप दो या तीन टूनार्मेंट शानदार खेल सकते हैं, लेकिन अगले में आपको शून्य से शुरूआत करनी होगी। इसलिए, मैं इसी के लिए तैयारी कर रहा हूं - शुरूआत से शुरूआत करना।' खेल में महत्वपूर्ण परिस्थितियों के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा करते हुए चक्रवर्ती ने उच्च दबाव वाले मैच खेलने से प्राप्त ज्ञान को साझा किया। उन्होंने कहा, 'मैंने अब तक जो सीखा है, वह यह है कि चीजों को बहुत सरल रखना है - कुछ बहुत अलग करने की कोशिश मत करो, कोई जादुई गेंद फेंकने या कोई जादुई पल बनाने की कोशिश मत करो। सबसे प्रभावशाली चीज जो आप कर सकते हैं, वह है अपने बेसिक्स पर टिके रहना, उन्हें अच्छे से करना और उन्हें सही तरीके से लागू करना।' केकेआर के प्रमुख गेंदबाजों में से एक के रूप में, स्पिनर ने आईपीएल के साथ आने वाली अपेक्षाओं को प्रबंधित करने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने जो पहला मैच खेला, उससे ही उम्मीदें हमेशा बनी रहीं, और यह सिर्फ मेरे लिए नहीं है - यह आईपीएल में हर क्रिकेटर के लिए है। ऐसा ही है; यह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने का एक अभिन्न अंग है। इसलिए, आपको बस अपनी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने और बहुत आगे के बारे में नहीं सोचने की जरूरत है।' केकेआर की सबसे मजबूत गेंदबाजी जोड़ी में से एक, चक्रवर्ती और सुनील नारायण ने पिछले कुछ वर्षों में एक मजबूत समझ विकसित की है।

केकेआर में अपने विकास पर नारायण के प्रभाव को स्वीकार करते हुए चक्रवर्ती ने कहा, 'अब जब मैं उनके साथ पांच साल खेल चुका हूं - यह उनके साथ मेरा छठा साल है - तो हमें अब ज्यादा संवाद करने की जरूरत नहीं है। उन्हें मुझे चम्मच से खिलाने की जरूरत नहीं है। मैं जो कुछ भी सीख सकता हूं, मैं बस यह देख सकता हूं कि वह क्या कर रहे हैं।'' 'बेशक, अगर मुझे संदेह होता है, तो मैं हमेशा उनके पास जाता हूं और उनसे बात करता हूं। हमने हमेशा मिलकर अच्छी गेंदबाजी की है, और वह शुरू से ही टी20 क्रिकेट में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी रहे हैं। इस साल भी, वह एमवीपी होंगे।'

# धोनी क्यों कर रहे निचले क्रम में बल्लेबाजी? कोच फ्लेमिंग ने खोला राज

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में जिस बात की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, वह है महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स के लिए निचले क्रम में बल्लेबाजी करना। माही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे, जबकि राजस्थान के खिलाफ वह सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए। कई पूर्व क्रिकेटर्न ने सीएसके टीम मैनेजमेंट और धोनी के इस फैसले की काफी आलोचना की थी।

अब चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इस राज पर से पर्दा उठाया है। उन्होंने खुलासा किया है कि धोनी अब दस ओवर बल्लेबाजी नहीं कर सकते क्योंकि उनके घुटने में समस्या है और वह रन लेने में पहले की तरह समर्थ नहीं हैं। फ्लेमिंग ने कहा कि पूर्व कप्तान मैच की स्थिति के मुताबिक अपनी बल्लेबाजी क्रम तय करते हैं। सीएसके के कोच ने शिवम दुबे के विकेट को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया। बेंगलुरु के खिलाफ सीएसके को 50 रन से और राजस्थान के खिलाफ छह रन से हार का सामना करना पड़ा।

फ्लेमिंग ने कहा, 'धोनी ने पहले भी ऐसा कभी नहीं किया है। आप देखें तो माही लगभग 13-14 ओवर के बाद ही मैदान पर जाने की कोशिश करते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि उस वक्त कौन मैदान पर है।' आरआर ने पावरप्ले में एक विकेट पर 79 रन बनाए, जबकि सीएसके ने एक विकेट गंवाकर सिर्फ 42 रन बनाए। फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि वे पावरप्ले में मैच हार गए थे।




### 'धोनी अन्य खिलाड़ियों पर भरोसा जताते और समर्थन करते हैं'

फ्लेमिंग ने कहा, 'अगर मैच संतुलित है, तो वह थोड़ा पहले बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे, जबकि अन्य मौकों पर वह अन्य खिलाड़ियों पर भरोसा जताते हैं और उनका समर्थन करते हैं। इसलिए वह टीम में संतुलन बना रहे हैं। मैंने पिछले साल कहा था कि धोनी हमारे लिए बहुत कीमती हैं। टीम को दिशा-निर्देश देने और विकेटकीपिंग के साथ-साथ उन्हें नौवें-10वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए उतारना उचित नहीं है।'

### 'राजस्थान की तुलना में चेन्नई के खिलाड़ी ढीले पड़े'

उन्होंने कहा, 'अगर आप खेल का विश्लेषण करें तो दिखेगा कि दो पावरप्ले में दो अलग-अलग तरह का गेम हुआ। गेंदबाजी में हमने पावरप्ले में 80 रन खर्च कर दिए और बल्लेबाजी में हम केवल 40 रन ही बना पाए। स्कोरबोर्ड पर यही सबसे बड़ा अंतर रहा और हम राजस्थान की तुलना में मैदान में भी ढीले थे। राजस्थान की टीम ने शानदार फील्डिंग की और बॉडी लैंग्वेश दिखाया। फिलहाल मैच से यही दो निष्कर्ष हैं।'

फ्लेमिंग ने नीतीश राणा की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'नीतीश ने अच्छा खेला। मुझे लगता है कि उन्होंने शुरूआत में उछाल और सीम का सामना किया और टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। इसलिए उनका कैच छूटना नुकसानदायक साबित हुए और फिर हसरंगा ने ऋतुराज को बेहतरीन गेंदबाजी की। मैच के शायद ये तीन बेहतरीन पल रहे।'

### फ्लेमिंग ने धोनी के बल्लेबाजी क्रम को लेकर क्या कहा?

राजस्थान के खिलाफ जब धोनी बल्लेबाजी के लिए उतरे तो टीम को 25 गेंदों में 54 रन की जरूरत थी, लेकिन माही 11 गेंदों पर सिर्फ 16 रन ही बना सके। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लेमिंग ने कहा, 'यह समय की बात है। एमएस इसका आकलन खुद करते हैं। उनका शरीर, उनके घुटने पहले जैसे नहीं हैं। वह चल तो ठीक से रहे हैं, लेकिन अभी भी इसमें पोषण संबंधी पहलू है। वह पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते। इसलिए वह उस दिन आकलन उस मैच की स्थिति पर आकलन करते हैं कि वह हमारे लिए क्या कर सकते हैं।'

### फ्लेमिंग की नजर में ये हैं मैच के अहम पल

अहम पलों पर विचार करते हुए फ्लेमिंग ने कहा, 'मुझे लगता है कि (रियान) पराग का कैच मैच का टर्निंग पॉइंट था। दुबे जब बैटिंग कर रहे थे तो मैच हमारे पक्ष में जा रहा था, लेकिन वानिंदु हसरंगा ने हिम्मत दिखाई, आप इससे इनकार नहीं कर सकते। उन्होंने निश्चित रूप से गेंद को फ्लाइट कराया। कभी-कभी आप फ्लाइट गेंद करते हैं तो इसका नुकसान आपकी टीम को हो सकता है, क्योंकि बड़े शॉट लगते हैं। हालांकि, हसरंगा में ऐसा करने का साहस था और गायकवाड़ का विकेट भी बहुत चतुराई से लिया गया था। इसलिए हसरंगा ने अपना संयम बनाए रखा और अच्छा प्रदर्शन किया।'

# थाना नंदग्राम क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

## बाइक और हथियार बरामद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना नंदग्राम क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। दोपहर करीब 3 बजे मोरटी इलाके में यह घटना हुई। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा के अनुसार, पुलिस त्योहार के मद्देनजर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक दिखाई दी। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार भागने लगा और आगे जाकर बाइक फिसल गई। बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश घायल हो गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हसन बताया। उसके पास से बाइक, हथियार, कारतूस और लूटी गई चेन बरामद हुई। हसन ने स्वीकार किया कि उसने पिछली रात करीब 10 बजे एक महिला से चेन लूटी थी। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# ईद उल फितर की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की, डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण





**हापुड (करंट क्राइम)।** जनपद में ईद उल फितर की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई। सोमवार सुबह 7:45 बजे ईदगाह में नमाज का आयोजन हुआ। इस दौरान डीएम प्रेरणा शर्मा और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जनपद को चार जोन और दस सेक्टरों में बांटा गया। सुबह छह बजे से ही ईदगाह पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने विशेष गश्त की। सुरक्षा के लिए 20 क्यूआरटी और पीएसी के जवान तैनात किए गए। संवेदनशील इलाकों और मस्जिदों पर विशेष नजर रखी गई। दंगा नियंत्रण वाहन, डायल 112 की पीआरवी और बाइक पर सवार जवान लगातार गश्त करते रहे। यातायात पुलिस के जवान भी अलर्ट मोड में रहे। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन-शांति की दुआ मांगी।




### नानक जेई का पूरा कल्याण किया था गुरूद्वारे की मैडम ने

किस्सा निगम वालों में चला और कहा गया कि अब वालों में जो इतनी कमियां तलाश रहे हो। कभी एक बार पुराने वालों की भी हिस्ट्री खंगाल लो। ये तो अब वाले हैं जो लहरों से टकरा भी रहे हैं। फिर बात पुराने दिनों पर आ गई और उस अवर अभियन्ता का जिक्र छिड़ गया, जो कभी महकमें का नीति नियंता माना जाता था। बताने वाले ने बताया कि बस हमारी मत ही खुलवाओ जुबान, वर्ना हम आपको बता देंगे, किस्से में आयेंगे फिर किस-किस के नाम। उन्होंने बताया कि वो नानक ही ऐसे थे कि गुरूद्वारे वाली मैडम उनकी पूरी केयर करती थीं। बता तो वैसे महकमें के पुराने विकास पुरूष भी देंगे। गवाही तो ऑफ द रिकार्ड महकमें के चपरासी से लेकर बाबू भी दे देंगे। ये तो अब वाले भले हैं, वरना पहले वालों के भी किस्से अगर बताने लगे तो कई हिस्से में नाम आयेंगे।

### ऐसे भी थे मैम्बर जो रातों को उठ कर दिन में बना नाला तोड़ देते थे

किस्सा पार्षदों के तीन वाले सीन को लेकर चला। यहां देने वाले ने कहा कि वो कौन सा अनोखा ले रहे हैं। ये तो निगम की रीत सदा चली आई, वाली बात है। कम से कम अब वाले सिर्फ शिकायत पर ही फोकस करते हैं, लेकिन पहले वाले तो और महान थे। वर्मा जी ने नाला निर्माण का ठेका ले लिया और पार्षद पंडित जी को शामिल नहीं किया। बताते हैं कि पंडित जी इतने कर्मठ थे कि जो नाला दिन में वर्मा जी बनाते थे, उसे पंडित जी रात में अपने चेलों के साथ जाकर तोड़ आते थे। नाला तोड़ने की कला में केवल पंडित जी को ही महारत हासिल नहीं थी। त्यागी जी भी पार्षद हुआ करते थे और उन्होंने भी एक नाले को तोड़ने के लिए रातों को पसीना बहाया था। इकबाल ठेकेदार नाला दिन में बनाते थे और त्यागी जी उसको रातों में उठकर तोड़ आते थे। कम से कम अब वाले इतनी तो गमीनत बरत रहे थे। अब अगर बात नहीं बन रही तो कम से कम रात को नाले तो नहीं टूट रहे। बात नहीं बन रही तो शिकायत है मगर नुकसान नहीं कर रहे।

### क्यों मच रहा है शोर, किसने बुला ली लेडी देवतुल्य ऑन थर्ड फ्लोर

पुरानी कहावत है कुछ तो आग है जो ये धुआं उठा है। अब शोर मच रहा है तो पता चला रहा है कि कहानी में लफड़े की जड़ तीसरा फ्लोर है। कौन सच्चा है और कौन चोर है ये तो बाद में पता चलेगा। लेकिन किस्सा इस जुबान से उस जुबान तक होता हुआ इस जुबान तक आ गया है। बताते हैं कि एक नेता जी का दफ्तर तीसरे फ्लोर पर है। सड़क से देवतुल्य कार्यकर्ता का गुजरना हुआ। नेता जी ने उन्हें पुकारा और ऊपर आने को कहा। अब किसी भी बात को लेकर बात बिगड़ी और सुना है कि फिर कहानी एक दूसरे पर इल्जाम लगाने तक की आ गई। हालांकि अभी इस मामले में एक पक्ष के मन में पूरा रोष है। लेकिन वो भी कुछ सोच समझकर खामोश है। मगर उनका क्या करें जिन्हें ये किस्सा पता चल गया और उनके मन में तो इस बात को हर तीसरे आदमी को बताने का जोश है।

# महामाया देवी मंदिर में बदमाशों ने महिलाओं से सोने की चैन व पर्स छीना



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महामाया देवी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रही महिलाओं के साथ छपटमारी की घटनाएं रोकने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है, जिसके चलते पुलिस की सारी सुरक्षा व्यवस्था को धत्ता बनाकर चोर घटनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम दे पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। गांव सीकरीखुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में बदमाशों ने दो महिलाओं से सोने की चैन और दूसरी से पर्स छीन लिया और आराम से फरार हो गए। मुरादनगर की ब्रजविहार कॉलोनी निवासी अनु देवी मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आई थीं। मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंचते ही बदमाशों ने उनके गले से सोने की चैन छीन ली। दूसरी घटना मोदीनगर की श्रीनगर कॉलोनी की मालती देवी का पर्स छीना गया। पर्स में दो मोबाइल फोन व 600 रुपए की नकदी थे। महिलाओं के शोर मचाने पर मौके पर मौजूद लोगों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वह भागने में सफल रहे। दोनों पीड़ित महिलाओं ने पुलिस में शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है, पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। उधर द्वितीय नवरात्र को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महामाया देवी के दर्शन कर लाभ उठाया और मन्नतें मांगी।

# नोएडा में आज से चलेगा ई रिक्शा ऑटो पर अभियान



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा की सड़कों पर अवैध रुप से चलने वाले ई रिक्शा और ऑटो के लिए विशेष अभियान कल से शुरू होने जा रहा है। अभियान सीएम के निर्देश के पर पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। इसके लिए परिवहन और ट्रैफिक पुलिस की ओर से संयुक्त टीम बनाई गई है। ये टीम अभियान चलाएगी। जिसमें प्राथमिकता ऐसे ऑटो और ई रिक्शा को पकड़ना है जिनका चालक नाबालिग है साथ ही इनका रजिस्ट्रेशन आउट डेटेड हो चुका है। ये ई रिक्शा और ऑटो सड़क दुर्घटना के कारक बने हुए है।

**30 अप्रैल तक चलेगा अभियान :** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 से विशेष अभियान चलाया जाएगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ उदित नारायण पांडे ने बताया कि इस अभियान की रोजाना मॉनिटरिंग मुख्यालय स्तर से की जायेगी। इसके लिए अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जनपदों के संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को अभियान की सफलता को लेकर निर्देश दिये गये है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई ईद की नमाज

## नमाजियों ने मुल्क की तरक्की व अमन शांति की दुआ मांगी

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई, पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। नमाजियों ने मुल्क की तरक्की व अमन शान्ति का पैगाम देकर खुदा से दुआ मांगी।

मोदीनगर एसीपी ज्ञानप्रकाश राय के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ी मस्जिद बेगमाबाद, विजय नगर, बिसोखर आदि सभी नमाज स्थलों पर चाक चैबंद व्यवस्था की। नमाजियों की सुविधा के लिए आवारा पशुओं को भी बंद किया गया। इससे सभी लोगों ने बिना किसी परेशानी के नमाज अदा की। वरिष्ठ पत्रकार अनवर खान ने बताया कि एक महीने के रोजे और इबादत के बाद ईद का त्योहार मनाया जा रहा है। उन्होंने गंगा, जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए नवरात्र पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी हिंदुस्तानी मिलजुल कर दोनों त्योहार मनाएं, इससे एकता व भाई चारे का संदेश जाता है।

# गौरक्षा दल के जिलाध्यक्ष के खिलाफ पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गौवंशों की देखरेख को लेकर लापरवाही के संबध में गौरक्षा दल के जिलाध्यक्ष मुकेश पंडित की ओर से फर्जी लेटरपैड का दुरूपयोग किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा की ओर से टीम गठित कर जांच करायी गयी तो खुलासा हुआ कि पुलिस ने उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। भोजपुर थाना प्रभारी अमित शर्मा, पशु चिकित्साधिकारी व डीपीआरओ के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच में पाया कि आरोपी मुकेश पंडित की ओर से तलैहटा की गौशाला के संचालक, एनजीओ व अन्य के खिलाफ झूठी खबरे फैलाने, फर्जी लेटरपैडो का इस्तेमाल कर ब्लैकमेल करने के साथ ही राष्ट्रीय गौरक्षक दल के गौर पीठाधीश्वर स्वामी श्यामाचार्य महाराज का भी लैटरपैड शिकायत में फर्जी पाया गया है, जिसे लेकर पुलिस की ओर से मुकेश पंडित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**उपलब्धि पत्रक**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता क्रय विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत ने शहर मंडल के मिर्जाजान क्षेत्र में तीन बूथों पर आठ वर्ष की प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के पत्रक वितरण किये। उन्होंने बूथ संख्या-380 पर बूथ अध्यक्ष रामेश्वर दयाल और मानव अग्रवाल, बूथ संख्या-379 पर बूथ अध्यक्ष बंटी बाल्मीकि, बूथ संख्या-385 पर पूर्व महानगर महामंत्री राजीव अग्रवाल, मानव अग्रवाल, मनोज गर्ग, सुनील सिंघल के साथ उपलब्धि पुस्तिका और पत्रक वितरित किये।

# आईएमएस वार्षिक महोत्सव पल्स - 2025

## यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में शादाब फरीदी के गानों पर थिरके छात्र-छात्राएं






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.एम.एस. गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव पल्स -2025 के दूसरे दिन कार्यक्रम में बॉलीवुड गायक शादाब फरीदी को आमंत्रित किया गया। जिनके द्वारा बॉलीवुड के अलावा कई अन्य बॉलीवुड गानों की प्रस्तुति दी गयी। शादाब फरीदी द्वारा गाये गानों का छात्र /छात्राओं ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में 13 प्रतियोगिताएं रहीं। दूसरे दिन भी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सुर ताल (डुएट सिंगिंग), सृजन (बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट), घुंघरू (ग्रुप डांस), मुखौटा (फेस पेंटिंग), प्रहार (आईटी गेमिंग), आकृति (डूडल इट), एवं दृश्या (फोटोग्राफी) प्रमुखतः रहे। कार्यक्रम में गाजियाबाद, नोएडा, हापुड और दिल्ली के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों के कॉलेजों से 2000 से अधिक छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को संस्थान की निदेशक डॉ.पूजा रस्तोगी द्वारा स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओ की भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संध्या शर्मा, ध्रुव शर्मा, नेहा अन्तल एवं सूर्या सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

# ईद पर बिक्री के लिए लाए गए सात बकरे चोरी, रिपोर्ट दर्ज



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** कार से सवार होकर आये बदमाशों ने एक पशु पालक के सात बकरे चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

निवाड़ी थानान्तर्गत गांव डबाना निवासी शौकीन खां ने बताया कि ईद के लिए बकरे बिक्री के लिए लाए थे। रात कार सवार बदमाश आए बकरों को कार में भरकर ले गये, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गार्डेनिया ग्रीन सोसाइटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बने राजू वर्मा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 18 स्थित गार्डेनिया ग्रीन सोसाइटी की आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) के चुनाव संपन्न हो गए। इसमें राजू वर्मा को आरडब्ल्यूए का अध्यक्ष चुना। चुनाव संपन्न होने पर सोसाइटी वासियों ने नई कार्यकारणी को बधाई दी। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष विश्व दीपक पांडे, महासचिव अंकुर अग्रवाल, सचिव मयूर, कोषाध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव को चुना गया। इसके अलावा कार्यकारी सदस्य के तौर पर संजीव शर्मा, राघवेन्द्र शर्मा, प्रदीप आर्या, सुनील शर्मा, कनिका जाटावत, अभिषेक कक्कड़, अर्चना जैन, दिव्या भाटिया, गुड्डू रावत, उत्तम सिंह रावत को चुना गया। चुनाव की यह प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी सतपाल गर्ग ने संपन्न करवाई। सोसाइटी की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने सोसाइटी के लोगों को विश्वास दिलाया कि सोसाइटी की सभी समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। सोसाइटी के महासचिव अंकुर अग्रवाल ने बताया कि सोसाइटी की जो भी समस्या होगी उसको प्रशासन के सहयोग से दूर किया जाएगा। इसे शहर की सबसे अच्छी सोसाइटी बनाने का प्रयास रहेगा।





# किस इलाके में बच गए दरोगा जी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते लंबे समय से प्रतिदिन पुलिस तीन घंटे वाला अभियान चला रही है। इस अभियान में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोगों पर कार्रवाई होती है। इसके बावजूद नवरात्रि जैसे दिनों में भी शराबियों की संख्या कम नहीं हो रही है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि रविवार को नवरात्र का पहला दिन था और देहात वाले जोन के एक हाईफाई वाले इलाके का मामला सुनने में आया है। बताया जा रहा है कि पास वाले कमिश्नरेट का एक टू-स्टार अपनी सफेद कार में रात्रि कार्यक्रम कर रह था। इलाके वाली लैपर्ड ने रोका तो जनाब ने खाकी का रौब जमा दिया। बताया जा रहा है यह जिस क्षेत्र का मामला है, वहां ऊंची-ऊंची बिल्डिंगे और हाई प्रोफाइल लोग रहते हैं। पर मामला बेहद निचले वाले कर्मचारियों से हुआ था, इसलिए कोई कार्रवाई वाला सीन नहीं हुआ। सुनने में आया है कि पूरा मामला थाने वालों को भी घंटों बाद इस पूरे मामले की जानकारी हुई। बताया जा रहा है कि रात करीब 9:15 बजे का वक्त था सफेद रंग की कार में बार वाला नजारा था। लोकल वाली लैपर्ड वालों ने कार में बैठे टू-स्टार ने खाकी वाला रौब जमाया, जिस पर लैपर्ड वाले ने कहा सर फोटो खींच जाएगी, तो दिक्कत हो जाएगी। उसके बाद टू-स्टार गाड़ी से निकले और दोनों के बीच हॉट टॉक वाला सीन हुआ, पर मामला इसलिए आउट ऑफ कंट्रोल नहीं हुआ, क्योंकि ना तो वीडियो बनी और ना कोई वायरल हुई। बताया जा रहा है कि वैसे मामला तो वहीं निपट गया था लेकिन सूचना स्थानीय थाने तक भी पहुंच गई थी, पर इस मामले में कोई कार्रवाई या एक्शन वाला सीन नहीं हुआ है। बता दें की बीते लंबे समय से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में प्रतिदिन सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। उनके नाम नोट होते हैं, फोटो खींचते हैं और तीनों जोन के साहब लोग अपने ग्रुप पर सबसे पहले प्रेसनोट व फोटो का विवरण साझा कर देते हैं ताकि अभियान का संदेश चलाया जाए, पर जिस लिहाज से इस अभियान को शुरू किया गया था, उसका परिणाम नजर नहीं आ रहा है। नवरात्रि जैसे दिनों में भी 500 से अधिक लोगों पर कार्रवाई होना बता रहा है कि या तो अभियान का असर नहीं चल रहा है या खाकी वाले निचले स्तर पर इसे खाना पूर्ति तक ही सीमित कर रहे हैं। जिस वजह से पब्लिक के बीच भी जो संदेश जाना चाहिए वह जा नहीं पा रहा है। कुल मिलाकर टू-स्टार वाला मामला हाईलाइट नहीं हुआ वरना नुकसान के साथ ही बवाल वाली स्थिति भी बन सकती थी।



# शिक्षक ने ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे को पीटा, पिता ने कराई एफआईआर



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ऑटिज्म से पीड़ित एक 10 साल के बच्चे की शिक्षक ने पिटाई कर दी। जिस समय बच्चे की पिटाई की शिक्षक उसे चित्रों के जरिए पढ़ाने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान शिक्षक को गुस्सा आया। हाथ पकड़कर पीटने लगा। इसका एक वीडियो क्लास में बनाया गया। जिसे स्कूल के वॉट्सऐप ग्रुप पर भेज दिया गया। बच्चे के पिता को इसकी जानकारी मिली। बीएसए ने स्कूल को सील कर दिया।

उन्होंने आरोपी शिक्षक, प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल के खिलाफ थाना सेक्टर-58 शिकायत की। पुलिस ने आरोपी शिक्षक अनिल कुमार को गिरफ्तार किया। अनिल कुमार दिल्ली निवासी है। वह पहले भी क्लास में पढ़ाते समय बच्चों की पिटाई करता था। जबकि आप्टिमस से पीड़ित बच्चों को काफी सहजता के साथ पढ़ाया जाना चाहिए। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि शिक्षक एक छात्र को अपने सामने बैठाकर पढ़ा रहा है। पढ़ाई के दौरान ही शिक्षक अपना आपा खो बैठता है। वह उसके हाथ पर थप्पड़ मारता है। इसी दौरान कैमरा खाना खा रहे एक अन्य छात्र की ओर चला जाता है। कुछ सेकेंड बाद महिला जब कैमरा लेकर शिक्षक के पास पहुंचती है, तो वह खड़े होकर छात्र पर थप्पड़ों की बौछार करते हुए दिखाई दे रहा है। बच्चे के साथ शिक्षक द्वारा हिंसक व्यवहार होता देख कैमरा दूसरे बच्चे की तरफ कर देती है। वीडियो स्कूल में ही बच्चों की देखरेख करने वाली महिला सहायक द्वारा मोबाइल से बनाया गया है। वीडियो को देखकर पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि घटना सेक्टर-55 के डी ब्लॉक में विशेष श्रेणी के बच्चों को दाखिला देने वाले ग्रीन रिबन इंटरनेशनल स्कूल की है। स्कूल के प्रिंसिपल लापरवाही का आरोप बच्चे के माता-पिता ने स्कूल के प्रिंसिपल पंकज शर्मा, वाइस प्रिंसिपल सोनिका दुबे और स्टाफ में कार्यरत शालिनी पर भी लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला का कहना है कि आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

# शॉर्ट सर्किट होने से कूलर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर



**नोएडा (करंट क्राइम)।** सेंट्रल नोएडा के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र स्थित तुस्याना में एक कूलर निर्माण फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते कुछ ही सेकेंडों में आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी कंपनी को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री ने रखे प्लास्टिक के सामानों की वजह से आग तेजी से बढ़ी थी। इस दौरान फैक्ट्री में कई मजदूर काम कर रहे थे। लेकिन समय रहते सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंची हुई है। लगातार आग पर काबू पाने का काम जारी है।

**घोषणा**



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को महाराजपुर गाँव में बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का लेंटर जो खराब और जर्जर हालात में हो गया था। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इसका मरम्मत कार्य अपने निजी धन से करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से मोहन लाल गौड, होशियार सिंह नागर, बृजमोहन सक्सेना, पुष्पेद्र बहादुर सिंह, रामविलास सिंह, नवल चौधरी, धर्मवीर सिंह, रवि सिंह, मनोज डागर, कुलवीर, विपिन सिंह, बीरपाल सिंह, लकी त्यागी, प्रमोद गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान की तैयारी: 30 लाख अफगानों को देश से बाहर निकालने की योजना, ईद के बाद शुरू होगी कार्रवाई

**इस्लामाबाद ।** सोमवार को इस अभियान की समयसीमा समाप्त हो गया है, जिसके बाद अफगानों को बाहर निकालने की योजना और तेज हो गई है। बता दें कि समयसीमा समाप्त होने के बाद इस योजना के तहत 1 अप्रैल से अफगानों को बाहर निकाला जाना था, लेकिन ईद-उल-फि तर के कारण इसे 10 अप्रैल तक टाल दिया गया है। **अफगानों को लेकर पाकिस्तान ने जारी किया बयान:** मामले में पाकिस्तान की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अब भी 30 लाख अफगान पाकिस्तान में हैं, जिनमें से कुछ के पास पंजीकरण प्रमाणपत्र हैं, जबकि कुछ के पास कोई कागज नहीं है। पाकिस्तान चाहता है कि इस्लामाबाद और रावलपिंडी में रहने वाले अफगान 31 मार्च तक शहर छोड़ दें और स्वेच्छा से अफगानिस्तान लौट जाएं। जिनके पास पंजीकरण प्रमाणपत्र



हैं, उन्हें 30 जून तक पाकिस्तान में रहने की अनुमति होगी। इसके साथ ही पाकिस्तान ने यह भी कहा है कि निर्वासित अफगान को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे वापस पाकिस्तान न लौटें। सरकार विदेशी राजनयिकों के साथ मिलकर अफगानों के पुनर्वास की योजना पर काम कर रही है। 2021 में तालिबान के कब्जे के बाद हजारों अफगान पाकिस्तान आए थे, लेकिन अब पाकिस्तान उन्हें अपने देश से बाहर निकालने के लिए कदम उठा रहा है। **सम्मान के साथ अपने नागरिकों की वापसी चाहता है तालिबान** : दूसरी ओर इस मामले में तालिबान चाहता है कि अफगान शरणार्थी सम्मान के साथ अपने देश वापस लौटें। तालिबान के शरणार्थी मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मुतालिब हक्कानी ने बताया कि पाकिस्तान बिना तालिबान सरकार या संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी को शामिल किए बिना अफगानों के निष्कासन के फैसले ले रहा है, जो उनके अनुसार गलत है। इसके साथ ही हक्कानी ने कहा कि अफगानों को एकतरफा तरीके से निकालना न तो अफगानों के हित में है और न ही पाकिस्तान के। उन्होंने कहा कि इससे पाकिस्तान में अफगानों के खिलाफ नफरत बढ़ सकती है। इसके साथ ही तालिबान ने यह भी कहा कि अफगानों को सम्मान के साथ वापस लाने के लिए एक उचित प्रक्रिया और आपसी समझ होनी चाहिए।

**पाकिस्तान इस साल 30 लाख अफगानों को देश से बाहर निकालने की योजना बना रहा है। यह कदम 2023 में शुरू हुई एक कार्रवाई का हिस्सा है, जिस दौरान अफगानों को अपनी इच्छा से पाकिस्तान छोड़ने का मौका दिया गया था। इसके तहत पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे अफगानों को बाहर निकाला जा रहा है**

# भूकंप से गिरी 33 मंजिला इमारत में घुसे चार चीनी हिरासत में

**बैंकॉक ।** बैंकॉक में शुक्रवार को आए भूकंप में गिरी 33 मंजिला इमारत में अवैध रूप से घुसने पर पुलिस ने चार चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि चारों युवक इमारत से संदिग्ध दस्तावेजों को चुराने की कोशिश कर रहे थे। चारों के पास से 32 संदिग्ध दस्तावेज भी मिले हैं। पुलिस ने चारों युवकों से पूछताछ शुरू कर दी है।



बैंकॉक में भूकंप के झटकों से एक निमार्णाधीन ऊंची इमारत देखते ही देखते धराशायी हो गई थी। 33 मंजिला इमारत थाईलैंड के राज्य लेखा परीक्षा कार्यालय (एसएओ) की थी। इस इमारत को बना रही चीन समर्थित फर्म के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। बैंकॉक के गर्वनर ने इमारत वाले क्षेत्र को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया है। साथ ही यहां पर बिना अनुमति के किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं है।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ब्यूरो के डिप्टी कमिश्नर, पुलिस मेजर जनरल नोपासिन पूलस्वात ने कहा कि भूकंप से गिरी इमारत के पिछले हिस्से से अवैध रूप 32 फाइलों को हटाने के आरोप में चार चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा कि सूचना मिली थी कि कुछ लोग साइट से दस्तावेज हटा रहे हैं। इसके बाद घटनास्थल पर एक संदिग्ध चीनी व्यक्ति मिला। उसने पूछताछ में बताया कि वह निर्माण परियोजना का परियोजना प्रबंधक है। हालांकि उसके पास वैध वर्क परमिट भी मिला। इसके बाद पकड़े अन्य तीनों चीनी युवकों से कागजात जब्त किए गए। तीनों ने पुलिस को बताया कि वे इटालियन-थाई डेवलपमेंट पीएलसी (आईटीडी) के तहत एक ठेकेदार के लिए काम करते थे। वे बीमा दावे के लिए आवश्यक दस्तावेज लेने के लिए वहां गए थे। पूछताछ पूरी करने के बाद पुलिस ने संदिग्धों को अस्थायी रूप से रिहा कर दिया।

# पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित

**पाकिस्तान ।** राजनीतिक उथल-पुथल और अशांति के कारण संघर्ष कर रहा पाकिस्तान पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की नोबेल नॉमिनेशन के कारण सुर्खियों में है। पाकिस्तान में मानवाधिकार और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करने वाले पूर्व पीएम इमरान खान के प्रयासों के आधार पर पाकिस्तान वर्ल्ड अलायंस (ढहअ) ने उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। इमरान फिलहाल जेल में बंद हैं। पीडब्लूए की स्थापना पिछले साल दिसंबर में ही हुई है। मानवाधिकारों की रक्षा और लोकतंत्र के लिए उल्लेखनीय काम पाकिस्तानी क्रिकेट टीम को वर्ल्डकप का खिताब जिता चुके 72 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी और अब राजनेता इमरान को नोबेल के लिए नामित किए जाने के संबंध में पार्टी सेंट्रम ने एक्स पर बयान जारी किया। पार्टी सेंट्रम ने लिखा, 'हमें



नामांकन करने के अधिकारी शख्स / संस्था के साथ गठबंधन करने की खुशी है। हमने पाकिस्तान में मानवाधिकारों की रक्षा और लोकतंत्र के लिए उल्लेखनीय काम करने में योगदान देने के लिए देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है।'

गौरतलब है कि स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल का 10 दिसंबर 1896 को निधन हुआ था। अपने जीवनकाल में उन्होंने रसायन विज्ञान, स्वीडिश, रूसी, अंग्रेजी, फ्रेंच और जर्मन भाषाएं सीखीं। अल्फ्रेड नोबेल ने डायनामाइट और अन्य उच्च विस्फोटकों का आविष्कार किया। उनके परिवार ने पीटर्सबर्ग में कारखाना चलाया, जिसमें खदानों के विस्फोटक और अन्य सैन्य उपकरणों का निर्माण किया जाता था।

# हमास के खिलाफ युद्ध के बीच इस्राइली सेना का आदेश गाजा के लोगों से राफा शहर खाली करने के लिए कहा

**डेर अल बलाह ।** इससे पहले इस्राइली सेना ने गाजा शहर के कुछ हिस्सों को खाली करने का आदेश दिया था। लोगों को जीतून, तेल अल-हवा और अन्य इलाके खाली करने के लिए कहा था। यहां इस्राइली सेना ने 17 महीने के युद्ध के दौरान पिछले ऑपरेशन किए हैं। सेना ने कहा कि वह जल्द ही क्षेत्र से रॉकेट फायर का जवाब देगी और निवासियों को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया।



इस्राइली सेना ने सीमा पर एक रणनीतिक बफर जोन पर कब्जा कर लिया और युद्धविराम समझौते के अनुसार वहां से वापस नहीं लौटी। इस्राइल ने कहा कि हथियारों की तस्करी को रोकने के लिए उसे वहां अपनी मौजूदगी बनाए रखने की जरूरत है। पिछले सप्ताह इस्राइल ने हमास के साथ अपने युद्धविराम को समाप्त कर दिया था। इसके बाद इस्राइल ने गाजा पट्टी में हमले शुरू किए। इसमें सैकड़ों फलस्तीनी मारे गए थे। इस्राइल ने तब तक सैन्य दबाव बढ़ाने की कसम खाई है जब तक कि हमास शेष 59 बंधकों को वापस नहीं कर देता। इस्राइल ने यह भी मांग की है कि हमास निरस्त हो जाए और अपने नेताओं को निर्वासन में भेज दे। हमास ने कहा है कि वह स्थायी युद्धविराम और गाजा से इस्राइल की पूर्ण वापसी के बिना शेष बंधकों को रिहा नहीं करेगा।

**युद्ध विराम समाप्त होने के बाद इस्राइल लगातार हमास के खिलाफ हमले कर रहा है। गाजा पट्टी में लगातार इस्राइल की ओर से बमबारी की जा रही है। इस बीच इस्राइली सेना ने लोगों से गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर राफा के अधिकांश हिस्से को खाली करने के लिए कहा है**

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक नए घरेलू सुरक्षा प्रमुख को नामित किया है। उन्होंने मौजूदा सुरक्षा प्रमुख को बर्खास्त कर दिया। नेतन्याहू ने सोमवार को पूर्व नौसेना कमांडर वाइस एडमिरल एली शारविट को फलस्तीनी आतंकवादी समूहों के हमलों की निगरानी और विफल करने वाली एजेंसी का प्रमुख बनाया है। इससे पहले नेतन्याहू ने शिन बेट प्रमुख रोनेन बार को बर्खास्त कर दिया। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने हमास के सात अक्तूबर, 2023 के हमलों और युद्धविराम वार्ता पर असहमति के कारण विश्वास खो दिया है। वहीं आलोचकों ने कहा कि बर्खास्तगी ने इस्राइल के स्वतंत्र राज्य संस्थानों को कमजोर कर दिया है।

# ओपनएआई ने घिबली-स्टाइल तस्वीरों के लिए बदले नियम अब रियल वर्ल्ड इमेज का नहीं कर पाएंगे इस्तेमाल

**वॉशिंगटन ।** इन दिनों सोशल मीडिया पर भर-भर कर घिबली स्टाइल की तस्वीरें देखी जा रही हैं। ऐसा कह सकते है कि सोशल मीडिया यूजर्स को अब इन तस्वीरों के माध्यम से अपने आप को देखना कुछ ज्यादा ही अच्छा लगने लगा है। इसी बीच ओपनएआई के चैटजीपीटी ने अपनी स्टूडियो घिबली-स्टाइल की तस्वीरों को लेकर अपनी नीति में अहम बदलाव किया है। ऐसे में बाद अब यूजर्स घिबली-स्टाइल की तस्वीरें बनाने के लिए रियल वर्ल्ड की तस्वीरों का उपयोग नहीं कर सकते। इसका साफ-साफ मतलब है कि अब आप ओपनएआई के चैटजीपीटी के माध्यम से कोई भी असल व्यक्ति या तस्वीर को देखकर घिबली-स्टाइल में तस्वीर नहीं बना सकता।



जब भी आप अब चैटजीपीटी के माध्यम से तस्वीर बनाने की कोशिश करेंगे तो इसके लिए चैटजीपीटी इमेज जनरेटर ने एक नया संदेश दिखाना शुरू किया है, जिसमें कहा गया है कि अब वह किसी असल व्यक्ति की तस्वीर से घिबली स्टाइल की तस्वीर नहीं बना सकता। बता दें कि यह बदलाव इस कारण हुआ है कि अब उनकी नई दिशा निर्देश के तहत, असल लोगों की समानता बनाना मना किया गया है। हालांकि, वह अब भी घिबली स्टाइल की तस्वीरें बना सकता है, लेकिन इसके लिए यूजर्स को और अधिक क्रीएटीव जानकारी देनी होगी। जैसे कि, उन्हें हेयरस्टाइल, कपड़े, पृष्ठभूमि, मूड या कोई और खास जानकारी देनी होगी, ताकि वह उसी आधार पर घिबली स्टाइल की तस्वीर बना सके। ओपनएआई के प्रवक्ता का बयान साथ ही इस मामले में ओपनएआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि कंपनी अब कई मामले में सतर्कता अपना रही है, खासकर जब किसी रियल कलाकार के स्टाइल में तस्वीर बनाने की कोशिश की जाती है। हालांकि एक तर्क ये भी है ओपनएआई का यह कदम अकटूल्स के माध्यम से कॉपीराइट उल्लंघन से बचने की कोशिश के रूप में देखा।

# चुनावी आहट के बीच दिखा यूनुस का बड़बोलापन

**ढाका ।** बांग्लादेश की राजनीतिक उथल-पुथल के बीच यहां की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने ऐसी टिप्पणी की है, जिससे बांग्लादेश का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। चीन की चार दिवसीय यात्रा पर गए यूनुस ने एक कार्यक्रम में पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों का जिक्र करते हुए कहा, भारत के सात राज्य अभी भी भूमि से घिरे हुए हैं। उन्होंने इस इलाके में चीन को



अपनी आर्थिक स्थिति का विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया है। यूनुस ने फेसबुक पर एक वीडियो भी शेयर किया। पूर्वोत्तर भारत का जिक्र कर यूनुस ने चीन को आमंत्रित किया फेसबुक वीडियो में यूनुस ने कहा, भारत के सात राज्य, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, भूमि से घिरे हुए हैं। उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। हम इस क्षेत्र में समुद्र के एकमात्र संरक्षक हैं। इस कारण संभावनाओं के असीमित दरवाजे खुलते हैं। यूनुस ने शुक्रवार को बीजिंग के एक होटल में टिकाऊ बुनियादी ढांचे और ऊर्जा से मुद्दों पर आयोजित उच्च स्तरीय राउंडटेबल मंथन के दौरान यह टिप्पणी की। बकौल यूनुस देश रणनीतिक रूप से भूमि से घिरा हुआ है। नेपाल, भूटान और भारत के सात राज्यों की सीमाएं बांग्लादेश से लगने के कारण यह पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों का प्रवेश द्वार भी है। मुख्य सलाहकार प्रोफेसर यूनुस ने बांग्लादेशी युवाओं की क्षमता को भी रेखांकित किया।

# इस्राइल के जहाज को निशाना बनाने की धमकी पर यमन में अमेरिका का हवाई हमला

**दुबई ।** इस्राइल के जहाज को निशाना बनाने की धमकी पर यमन में अमेरिका ने हवाई हमला किया है। हूती विद्रोहियों ने कहा कि यमन की राजधानी सना के आसपास रविवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक हवाई हमले किए गए। इसमें एक हूती विद्रोही की मौत हो गई। विद्रोहियों ने कहा कि यह अब तक के सबसे तेज हमले थे।



विद्रोहियों ने कहा कि 2014 से हूतियों के कब्जे वाली यमन की राजधानी सना के आसपास हुए हमलों में चार अन्य घायल भी हुए। यहां एक वीडियो फुटेज में बमों के धमाके के बाद घरों में बिखरे कांच प्रसारित किए, लेकिन हमलों के लक्ष्यों को नहीं दिखाया गया।

इससे पहले अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की थी। यह बमबारी राजधानी सना और उत्तर पश्चिम में स्थित सादा शहर में की गई। बमबारी के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हूती विद्रोहियों को धमकी दी और कहा कि वे उन्हें पूरी तरह से तबाह कर देंगे। ट्रंप ने साथ ही ईरान को भी चेताया और ईरान पर हूती विद्रोहियों की मदद करने का आरोप लगाया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा था कि हूतियों को इस बमबारी में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यह धीरे-धीरे बदतर होता जाएगा। यह बराबरी की लड़ाई भी नहीं है ।

# फ्रांसीसी अदालत ने गबन मामले में मरीन ले पेन को पाया दोषी

**पेरिस ।** फ्रांस की एक अदालत ने सोमवार को मरीन ले पेन को गबन के एक मामले में दोषी पाया, लेकिन तत्काल यह नहीं बताया कि उन्हें क्या सजा दी जाएगी और इसका इस दक्षिणपंथी नेता के राजनीतिक भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा। बता दें कि, मरीन ले पेन और उनकी नेशनल रैली के 24 अन्य अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने यूरोपीय संघ के संसदीय सहायकों के लिए निर्धारित धन का उपयोग 2004 से 2016 के बीच पार्टी के लिए काम करने वाले कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए किया, जो 27 देशों के ब्लॉक के नियमों का उल्लंघन था।

## मरीन ले पेन ने सभी आरोपों से किया इनकार

मरीन ले पेन और उनके सह-



प्रतिवादियों ने गलत काम करने से इनकार किया। दक्षिणपंथी नेता के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि अदालत उन्हें तत्काल प्रभाव से पद के लिए अयोग्य घोषित कर सकती है - भले ही वह अपील करें। इससे उन्हें 2027 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने इस तरह के परिदृश्य को राजनीतिक खात्मे के रूप में वर्णित किया है। संवैधानिक परिषद ने शुक्रवार को एक अलग मामले में फैसला सुनाया कि तुरंत सजा देना संवैधानिक था।

इतने सारे प्रतिवादियों के साथ, मुख्य न्यायाधीश को फैसला पढ़ने में कई घंटे लग सकते हैं। मरीन ले पेन अदालत में थीं। अगर दोषी पाया जाता है, तो उसे और उसके सह-प्रतिवादियों को 10 साल तक की जेल भी हो सकती है - एक ऐसा फैसला जिसके खिलाफ वे अपील कर सकते हैं। इससे एक और मुकदमा चलेगा। यह भी पढ़ें - डी१": आशा कार्यकताओं का तेज हुआ विरोध प्रदर्शन, सिर मुंडवाकर की सरकार से मांगें पूरी करने की अपील

**हाल में मरीन ले पेन की पार्टी का बढ़ा चुनावी समर्थन** : मरीन ले पेन 2017 और 2022 के राष्ट्रपति चुनावों में राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो के बाद दूसरे स्थान पर रहीं और हाल के वर्षों में उनकी पार्टी का चुनावी समर्थन बढ़ा है।

2024 के अंत में हुए नौ हफ्ते के ट्रायल के दौरान, उन्होंने तर्क दिया कि अयोग्यता मुझे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होने से वंचित और उनके समर्थकों को मताधिकार से वंचित कर देगी।'11 मिलियन लोगों ने उस आंदोलन के लिए मतदान किया है जिसका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं।

# यूक्रेन कभी नाटो का सदस्य नहीं बनने वाला, समझौते पर बातचीत की पेशकश के बीच डोनाल्ड ट्रंप की दो टूक

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर खनिज समझौते और नाटो सदस्यता को लेकर यूक्रेन के इरादे जाहिर किए। उन्होंने कहा कि अगर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की समझौते से पीछे हटने की कोशिश करते हैं तो उनको बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन कभी नाटो का सदस्य बनने वाला नहीं है।



यूक्रेन के समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने के पीछे नाटो सदस्यता पाने की मंशा को ट्रंप ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की एक सौदा करना चाहते हैं। लेकिन मैं देख रहा हूं कि वह खनिज समझौते से पीछे हटने की कोशिश कर रहे हैं। अगर वह ऐसा करते हैं तो कुछ बड़ी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। हमने दुर्लभ खनिज समझौता किया है। जेलेंस्की ने फिर से बातचीत की पेशकश की है। वह नाटो का सदस्य बनना चाहते है। वैसे वह कभी भी नाटो का सदस्य नहीं बनने वाले। वह इसे समझते हैं।

ये भी पढ़ें: 'अमेरिका में टिकटॉक के लिए बहुत खरीदार, समय सीमा से पहले पूरा होगा सौदा', राष्ट्रपति ट्रंप का बयान वहीं पुतिन के साथ संबंधों को लेकर ट्रंप ने कहा कि हम हमेशा से अच्छे से साथ हैं। मुझे नहीं लगता कि वे अपनी बात से पीछे हटने वाले हैं। मैं उनको लंबे समय से जानता हूं।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी दी कि अगर यूक्रेन के साथ युद्धविराम समझौता नहीं हुआ तो वह रूस पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाएंगे। सभी प्रकार के तेल पर 25 से 50 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। उन्होंने कहा, जो भी रूस से तेल खरीदेगा, वह अमेरिका में केवल तेल ही नहीं, बल्कि अपना कोई भी उत्पाद नहीं बेच सकेगा। हालांकि, उन्होंने इस बात को दोहराया कि उनके और पुतिन के संबंध बहुत अच्छे हैं। ये भी पढ़ें: डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद पलटवार को तैयार ईरान, हमले के लिए भूमिगत मिसाइल लॉन्चर किए लोड

## 18 मार्च को ट्रंप और पुतिन ने की थी बातचीत

ट्रंप और पुतिन ने 18 मार्च को फोन पर बात की थी। अपने चुनाव अभियान के दौरान, ट्रंप ने यूक्रेन में युद्ध को हल करने की कसम खाई थी, इसे अपनी पहली विदेश नीति प्राथमिकता बताया था। वहीं पिछले हफ्ते रूस और यूक्रेन युद्धविराम पर सहमत हुए थे, जिससे काला सागर में सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हो सकेगा और एक दूसरे के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों को रोका जा सकेगा।

# उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर महापौर सुनीता दयाल ने घर-घर वितरित किए सरकार की योजनाओं के पत्रक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 96 जीडीए मार्किट ए ब्लॉक नेहरू नगर में सोमवार को राज नगर मण्डल अध्यक्ष नीरज त्यागी एवं वार्ड के पार्षद अजीत निगम के साथ महापौर सुनीता दयाल ने उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर घर घर सरकार की योजनाओं के पत्रक वितरण किए।





## यूपी के उपयोगी 8 वर्ष GYAN (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) ही आधार, डबल इंजन सरकार

करंट क्राइम। यू पी के उपयोगी 8 वर्ष GYAN (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) ही आधार, डबल इंजन सरकार आधारित सभी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध है।

जी का अर्थ- गरीब

वाई का अर्थ- युवा

ए का अर्थ- अन्नदाता

एन का अर्थ- नारी

जिसमें गरीब कल्याण, खेल भी रोजगार भी, सशक्त युवा समृद्ध प्रदेश, किसान समृद्ध सशक्त प्रदेश, सशक्त नारी समृद्ध समाज से संबंधित सभी योजनाओं के लाभों को विस्तृत रूप पत्रक में दिया गया है जिसको घर घर, हर रेहड़ी पटरी,ठेला,गरीब,नारी और किसानों तक पहुँचाने का कार्य सभी कार्यकर्ताओं को करना है।

महापौर सुनीता दयाल ने ब्लॉक में रहने वाले और ठेली, रेहड़ी पटरी, दुकानदार आदि के यहां जाकर यह पत्रक वितरण किये हैं और उनको उपरोक्त योजनाओं के विषय में जानकारी भी दी गयी जिससे वह उन सभी योजनाओं का लाभ ले सकें।

### सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सब कार्यकर्ताओं और पार्षदों की : महापौर सुनीता दयाल

करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि हमारी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर घर घर पत्रक वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें सभी जनप्रतिनिधि एवं समस्त कार्यकर्ता पत्रक वितरण करेंगे जिसमें सभी पार्षद भी अपने अपने वार्डों के सभी घरों, दुकानों, गरीबों, नारियों, युवाओं, किसानों आदि के घर पत्रक वितरण करेंगे और सरकार की योजनाओं के विषय में जानकारी देंगे।

# सनातन सेवा संस्थान शाखा के नववर्ष कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर-1 बद्रीनाथ पार्क में आयोजित सनातन सेवा संस्थान शाखा वैशाली द्वारा सनातन नव वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यरूप से प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल उपस्थित रहे। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा भी निकली गई। शोभा यात्रा वैशाली सेक्टर एक मंदिर से होते हुए सेक्टर 3 सेक्टर 4 और सेक्टर 2 के मुख्य बाजार से निकलकर सेक्टर एक कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा सपा के सांसद रामजीलाल सुमन के महान योद्धा राणा सांगा के खिलाफ की गई टिप्पणी का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग वोट बैंक के खातिर क्रूर शासक औरंगजेब का गुणगान कर रहे हैं। यह गलत है, सभी लोगों से एक रहने की अपील की गई और कहा कि जाति से बड़ा धर्म होता है। सनातन धर्म वैज्ञानिक आधार पर अपना काम करता है, वह चाहता है कि पूरा विश्व खुशहाल रहे संपन्न रहे, यह धर्म किसी का विरोध नहीं करता।

इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष एमपी पाठक, पार्षद कुसुम मनोज गोयल, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अशोक चौबे, राजेश ओझा, कमल, रविन्द्र सैनी सुभाष शर्मा, अवधेश कटियार, लाल बिहारी पांडेय, शिव शंकर उपाध्याय, राजेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा 3 से 5 अप्रैल के बीच विधानसभा वार करेगी 'विकास गोष्ठी' का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में आगामी कार्यक्रम विकास गोष्ठी (विधान सभा स्तर पर ) के लिए विधानसभा तैयारी बैठक का आयोजन तीनों विधायकों की मौजूदगी में किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्षों, पार्षदों तथा महानगर पदाधिकारियों कोआमंत्रित किया गया। 3 से 5 अप्रैल के बीच विकास गोष्ठी के आयोजन में सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों पर विधानसभा में गोष्ठी समस्त वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, एम.एल.सी. मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, प्रधान, बीडीसी को-ऑपरेटिव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा लाभार्थियों को गोष्ठी में आमंत्रित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्कर्ष के 8 साल बेमिसाल अभियान को लेकर विधानसभा में विकास गोष्ठी के कार्यक्रम की रूपरेखा के बाबत तीनों विधानसभाओं में बैठक आयोजित की गई । जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विधानसभा साहिबाबाद में अध्यक्ष मयंक गोयल की उपस्थिति में सभी मंडल अध्यक्ष और पार्षदों के साथ वार्ता की और कार्य का आबंटन किया। इसी कड़ी में मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी के आरडीसी स्थित कार्यालय पर तथा शहर विधायक संजीव शर्मा ने शहर विधानसभा में आयोजन की तैयारियों को अमली जामा पहनाया गया। विकास गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप से प्रदेश नेतृत्व द्वारा वक्ता तय कर भेजे जाएंगे। जिसमें बैठक का आयोजन विधानसभा वार होते हुए उनमें उनके विधायक और महानगर अध्यक्ष प्रमुख रूप से विकास संगोष्ठी की बैठक में शामिल होंगे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह चैनपाल जी ने कसाना जी को नोटिस किया है जारी? उसको देखकर लग रहा है कि दिल वाली जगह में क्रान्तिकारी वालों का उनके दिल में पलड़ा भारी? नोटिस में कुछ बातों पर पर्दा भी डाला जा सकता था साहब? सक्रिय सदस्यता वाला मामला सोच समझ कर रखा गया है साहब? कहने वाले ने कहा अब ये तो बात हो गई है क्लीयर कि क्रान्तिकारी वालों का मामला चैनपाल जी के है बहुत ज्यादा नियर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम हैं इस बात पर अब तक हैरान? पहले स्थानीय स्तर पर जब भी कोई क्रान्तिकारी वालों के खिलाफ प्रतिक्रिया दिया करता था? तब कोई ना कोई समर्थक उठा देता था तूफान? मगर हम देख रहे हैं कि तीन स्थानीय नेताओं ने जम कर चले हैं उन पर शब्दों के तीर? मगर क्रिया की प्रतिक्रिया में नहीं निकला है अभी तक कोई भी क्रान्तिकारी वालों के समर्थक में कोई भी वीर? कहने वाले ने कहा हमें तो ये खामोशी आने वाले तूफान की लग रही है तस्वीर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान का अपना अलग ही हैं अंदाज? वो खींचते हैं अपनी अलग से लाईन? फिर चाहे कोई भी हो बात? हमने देखा भगवा योद्धा ने हैवीवेट वालों के यहां पर बुलाई थी पार्टी की बैठक? इस बैठक में आने वाले कार्यक्रमों पर होनी थी बात? हमने देखा उसी वक्त भगवा पहलवान अपने कार्यालय पर इन्हीं विषयों पर कर रहे थे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक? दे रहे थो संदेश कि हम पार्टी के लिए तो एक्टिव हैं मगर आपसे नहीं मिल रहे हमारे जज्बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर भगवा पहलवान के कमिटमेंट पर दें ध्यान? तो फिर हमें फोकस में लेना पड़ेगा उनके कमांडर दोस्त का भी नाम? जिस दिन एक्सटेंशन में सुनी जा रही थी मन की बात? तब दोनों दोस्त वहां पर नजर नहीं आये? ये सब बाईचांस था या फिर इसके पीछे थी कोई रणनीति खास? कहने वाले ने कहा दोनों ने अपने अपने आफिस पर सुना मन की बात का प्रोग्राम? जो देना था दे दिया उन्होंने देने वालें को पैगाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों भगवा राम भैया बने हुए हैं बहुत ज्यादा हॉट? जितना भगवा योद्धा नजर आ रहा है, उतना ही भीड़ का नजर आ रहा है उनके साथ लॉट? कहने वाले ने कहा भगवा राम से काफी संख्या में ले रहे हैं लेने वाले अपनी किस्मत का अनुमान? पता कर रहे हैं योद्धा होंगे या नहीं होंगे हम पर मेहरबान? सुना है उनकी प्रतिक्रिया पर लगाया हुआ है कई चेहरों ने कान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक ग्रुप पर पहलवान के प्रिय और एन्टी ग्रुप के भगवा कमिश्नर के बीच में छिड़ी हुई थी मन की बात वाले प्रतिशत को लेकर बहस? पहलवान के प्रिय डाटा 92प्रतिशत बता रहे थे? एन्टी ग्रुप के भगवा कमिश्नर 95 प्रतिशत पर अडिग नजर आ रहे थे? सुना है ग्रुप पर दोनों के बीच में काफी देर तक चले शब्दों के तीर? देखना अब ये है मामला 95 प्रतिशत वाला ठीक है या 92 प्रतिशत वाला? इस पर नजर बनाये हुए हैं कई भगवा वीर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर के महानमंत्री वाली दौड़ में इस वक्त बॉबी भैया सबसे आगे चल रहे हैं यार? हम देख रहे हैं भगवा योद्धा के साथ उनके लगातार हो रहे हैं दीदार? मन की बात वाले कार्यक्रम में भी लगाया था उन्होंने पूरा जोर? एक भगवा कमिश्नर से कहा था, आपके यहां से 500 की संख्या चाहिए? क्योंकि हमारा दिल मांगे मोर? सुना है भगवा कमिश्नर ने यहां पर कर दिया था स्पष्ट? हम 50 से ज्यादा चेहरे नहीं ला पायेंगे, भले आपको कितना ही हो कष्ट? ना जाने कौन सी शक्ति है जो नहीं आने देना चाह रही है इस दौड़ में बॉबी भैया को फर्स्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ ही दिन की है बात? फिर लाईन पार के इस पार भी दिखाई देंगे भगवा कमांडर के अंदाज? हमने देखा हो गया है उनका ऑपोलेंट मॉल के सामने कार्यालय तैयार? बस दो चार दिन में हो जायेगा इसका उद्घाटन? फिर नदिया पार के इधर के कार्यकर्ताओं को भी मिल जायेगा स्पेस? बन जायेगा उनके बैठने के लिए भी बेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मन की बात वाले कार्यक्रम में संगठन वाले चौधरी अगर लगा लेते पूरा जोर? सच बता रहे हैं नजारा तो वैसे भी बहुत अच्छा था? मगर उनके जोर लगाने से बात होती कुछ और? कहने वाले ने कहा चौधरी साहब स्थानीय स्तर पर रखते हैं दखल? हम तो हैरान इस बात पर है कि इतने महत्वपूर्ण कार्यक्रम में क्यों नहीं दिखाई उन्होंने अपनी शक्ल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप पूरी सुशीलता से पहुंचा दो अनुसूचित दावेदारों तक हमारी बात? इस बार भगवा गौतम जी नहीं कर रहे हैं महामंत्री बनने का प्रयास? उन्होंने खुद को कर लिया है इस रेस से दूर? वो तो अब लगाना चाहते हैं प्रदेश की कमेटी में टूर? कहने वाले ने कहा वो तोड़ना चाहते हैं कितने सालों से जारी महामंत्री वाले जिम्मेदारी का दस्तूर?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को सरदार एसपी सिंह ने दी ईद की मुबारकबाद

## राष्ट्र की मजबूती के लिए सबको मिल-जुलकर त्योहार मनाने चाहिए : मुख्तार अब्बास नकवी



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य व वरिष्ठ भाजापा नेता सरदार एसपी सिंह व सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी प्रदेश अध्यक्ष आतंकवाद विरोधी मोर्चा ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर ईद की मुबारकबाद व बधाई दी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा सभी देशवासियों की सेहत व देश की सलामती के लिए तथा देश में आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को मिलकर त्यौहार मनाने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत राष्ट्र मजबूत हो रहा है, इसको मजबूती देने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है।

# शहीद स्व. कमल जैन की स्मृति में 2 अप्रैल को लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर : अतुल जैन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में व्यापारियों के हित में लगातार कार्य करने वाले शहीद स्व.कमल जैन की स्मृति में उनकी तीसवीं पुण्यतिथि पर 2 अप्रैल 2025 को गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के कार्यालय 108 लोहा मंडी पर कर्मचारीयों, मजदूरों, जरूरतमंदों और उनके परिवारों और गरीबों के लिए आंखों के मोतियाबिंद की जांच और ऑपरेशन परामर्श हेतु वरदान सेवा संस्थान के सहयोग से एक वृहद कैंप आयोजित किया जाएगा।

गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने बताया कि आंखों की जांच के लगाए जाने वाले इस कैंप में नि:शुल्क सेवा प्रदान की जाएगी। अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा जांच की जाएगी इसके अतिरिक्त सामान्य स्वास्थ्य जांच में ब्लड प्रेशर, शुगर इत्यादि की जांच भी की जाएगी।

ज्ञात रहे कि गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल व्यापारियों के हित में कार्य करने के अतिरिक्त क्षेत्र के विकास, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक सेवा के कार्यों में भी संलग्न रहता है। सभी लोहा व्यापारियों और पदाधिकारियों के सहयोग से ये सभी कार्य आयोजित कराए जाते हैं।

# 8 साल बेमिसाल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के सान्निध्य में साहिबाबाद विधानसभा में होने वाले विकास के संदर्भ में एक बैठक मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में साहिबाबाद विधानसभा के महानगर पदाधिकारी एवं मोर्चो के अध्यक्ष, जिला प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, सभासद एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अभियान के तहत शराब पीने वाले 555 लोग पकड़े

गाजियाबाद करंट क्राइम। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की बढ़ती शिकायतों के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में विशेष अभियान चलाया गया। इस तीन घंटे के अभियान में 555 लोगों को गिरफ्तार किया गया। नगर जोन में सबसे ज्यादा 251 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कोतवाली घंटाघर से 79, विजयनगर से 44, सिहानी गेट से 22, नंदग्राम से 37, कवि नगर से 40 और मधुबन बापूधाम से 29 लोगों को पकड़ा गया। देहात जोन में कुल 112 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें लोनी से 12, ट्रॉनिका सिटी से 6, अंकुर विहार से 7, लोनी बॉर्डर से 7, मसूरी से 16, मुरादनगर से 20, मोदीनगर से 4, निवाड़ी से 2, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 6 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 21 लोग शामिल हैं।

# पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्योहार : इंद्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूरे देश में बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मुस्लिम भाइयों ने ईद के त्यौहार को आपस में गले मिलकर मनाया। बहुत ही सुख शांति से पूरे देश में ईद का त्योहार संपन्न हुआ। इसी कड़ी में हम लोगों को भी अपने मुस्लिम भाइयों के यहां जाकर ईद मिलकर सेवइयां खाकर गले मिलकर ईद मनाने का मौका मिला। यह बहुत ही ऐतिहासिक पल था जब हमारी मुलाकात भारत के सबसे उम्रदराज मोहम्मद नजीर अंसारी साहब से हुई जिनका जन्म (1915) में हुआ। करीब 110 साल इनकी उम्र हो चुकी है। हम सभी साथियों को इनके साथ बैठकर ईद की खुशी मनाने का मौका मिला। मोहम्मद नजीर साहब ने अपने हाथ से मखमल बनाने की कई फैक्ट्री को लगाने का तजुर्बा हासिल है। पूरे भारत में कोलकाता और मुंबई जैसे बड़े महानगर में उनके द्वारा मखमल का कपड़ा बनाने की फैक्ट्री लगाई गई है। सबसे बड़ी बात इनके हाथ में कोई भी कपड़ा दे दिया जाता था उस कपड़े को देखकर मिल मालिक इनसे मशीन बनवा लेते थे कि यह जो कपड़ा है यह किस तरीके के मशीन पर बनाया जा सकता है। यह हुनर अंसारी साहब के हाथ में है। परमपिता परमात्मा इनको तंदुरुस्त रखे, यह यादगार पल हमेशा याद रहेगा। आज ईद के मौके पर नजीर अंसारी साहब के साथ ईद मिलते हुए उपस्थित लोगों में इंद्रजीत सिंह टीटू, राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रविंद्र चौहान, व्यापारी नेता अनिल चौधरी, छोटे भाई सेलवर्धन, सीनियर पत्रकार फरमान अली आदि लोग मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी भी नई तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने नए ट्रैंड के साथ खुद को अपडेट किया। नए प्रयोग को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।